बुधवार
13 सितंबर 2023

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज



लालू के खिलाफ मुकदमा चलाने की मिली अनुमति 2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

## योगी कैबिनेट ने लिया ऐतिहासिक फैसला, झांसी-ग्वालियर मार्ग पर बनाई जाएगी इंडस्ट्रियल टाउनशिप

# नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड में बसेगा औद्योगिक शहर

- बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन के लिए सरकार देगी 5 हजार करोड़ रुपए की राशि
- पहले चरण में झांसी के 33 राजस्व ग्रामों की 35 हजार एकड़ जमीन को किया जाएगा अधिग्रहीत
- 1976 में नोएडा के गठन के 47 वर्षों बाद एक नए औद्योगिक शहर की स्थापना का लिया गया निर्णय



**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

बुंदेलखंड के सतत विकास के साथ-साथ वन ट्रिलियन इकॉनमी की अर्थव्यवस्था बनने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए योगी सरकार ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। लोकभवन में सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में सरकार ने नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड में नया औद्योगिक शहर बसाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस निर्णय से बुंदेलखंड के जिलों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकेगा और इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही यहां रोजगार की असीमित सुविधाओं का सृजन संभव हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में इससे पूर्व 1976 में औद्योगिक शहर नोएडा के गठन का निर्णय लिया गया था और अब 47 वर्षों के बाद एक नए शहर की स्थापना का निर्णय लिया गया है।

**पहले चरण में 35 हजार एकड़ जमीन का अधिग्रहण:** कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने पारित हुए प्रस्तावों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण व नए औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत झांसी में बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) द्वारा नोएडा की तर्ज पर एक नए इंडस्ट्रियल टाउनशिप को विकसित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। परियोजना के पहले चरण में झांसी के 33 राजस्व ग्रामों की 35 हजार एकड़ जमीन को अधिग्रहीत कर औद्योगिक शहर की स्थापना की जाएगी। इस जमीन की कीमत 6312 करोड़ रुपए है।

### अतिरिक्त 5 हजार करोड़ रुपए का प्राविधान

सुरेश खन्ना ने बताया कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में सरकार की ओर से 5 हजार करोड़ की व्यवस्था की गई थी और इस वर्ष (2023-24)में मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण व नए औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन योजना मद के तहत ऋण के रूप में 5000 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। जो जमीन अधिग्रहीत की जाएगी, उसमें 8 हजार एकड़ जमीन ग्राम समाज की है।

### प्रमुख शहरों से होगी बेहतरीन कनेक्टिविटी

योगी सरकार के ऐतिहासिक निर्णय से बुंदेलखंड के बहुआयामी विकास को तेज गति मिलेगी। झांसी के आसपास का एरिया बड़े पैमाने पर विकसित हो जाएगा। इसके माध्यम से कुल 14 हजार हेक्टेयर जमीन पर औद्योगिक शहर विकसित करने की योजना है। यह औद्योगिक शहर झांसी-ग्वालियर मार्ग पर प्रस्तावित है जो राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से देश के प्रमुख शहरों से भी जुड़ा होगी। यह राष्ट्रीय राजमार्ग 27 से जालौन जनपद से गुजरने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जुड़कर प्रदेश के अन्य शहरों से जुड़ेगी।

### क्षेत्र के विकास के साथ ही मिलेंगे रोजगार के अवसर

उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अंतर्गत टाउनशिप समेत औद्योगिक स्थापना के लिए आवश्यक सभी आवश्यक सुविधाओं का यहां समावेश होगा। इसके गठन से क्षेत्र का सवार्गीण विकास होगा तथा बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा। जन सामान्य को क्षेत्रीय विकास के साथ ही रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, जिसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। यह कदम प्रदेश के विकास में भी बहुत बड़ा योगदान देगा। सरकार ने जो वन ट्रिलियन इकॉनमी बनने का संकल्प लिया है, वो इसके माध्यम से पूरा हो सकेगा।

### 100 सबसे पिछड़े नगर निकायों के लिए आकांक्षी योजना

कैबिनेट ने 20 हजार से एक लाख जनसंख्या वाले सबसे पिछड़े 100 नगरीय निकायों में आकांक्षी नगर योजना को लागू किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है। इसके अंतर्गत इन नगरीय निकायों में वर्तमान में चल रही सरकारी योजनाओं के साथ ही केंद्र व राज्य सरकार, सांसद व विधायक निधि समेत अन्य संस्थाओं से सहयोग प्राप्त कर कन्वर्जन के माध्यम से परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा। योजना के तहत 762 नगरीय निकायों में से 100 आकांक्षी नगरीय निकायों का चयन नीति आयोग द्वारा 16 पैरामीटर्स के आधार पर किया जाएगा। इनमें यह योजना 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगी, लेकिन इसकी मॉनीटरिंग डैशबोर्ड के माध्यम से 31 मार्च 2028 तक चलेगी। इस योजना के जरिए संसाधनों का आदर्श प्रयोग और आर्थिक विकास के अवसरों को बढ़ाकर पलायन रोकने में मदद मिलेगी।

**सहारनपुर, अयोध्या और फिरोजाबाद में भी चलेंगी एसी इलेक्ट्रिक बसें:** कैबिनेट में सहारनपुर, अयोध्या और फिरोजाबाद में एसी इलेक्ट्रिक बसों से संचालन से संबंधित प्रस्ताव को भी ग्रीन सिग्नल मिल गया। इन शहरों में इलेक्ट्रिक बसों से संचालन, प्रबंधन एवं अनुरक्षण के लिए कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत संबंधित मंडल के आयुक्त की अध्यक्षता में नए एसपीवी के गठन का निर्णय लिया गया है। एसपीवी को नगरों में बसें चलाने के लिए मार्ग निर्धारित करने का अधिकार होगा। साथ ही मार्गों पर किराए के निर्धारण और यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में विचार विमर्श करने का भी अधिकार होगा।

# रद्दी से एक हजार करोड़ रुपये की कमाई करेगी केंद्र सरकार



**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्र सरकार को रद्दी से एक हजार करोड़ रुपये की कमाई हो सकती है। दरअसल केंद्र सरकार अगले महीने से स्वच्छता अभियान के तीसरे संस्करण की शुरूआत करने जा रही है। इस दौरान सरकारी कार्यालयों की सफाई के बाद जो बेकार फाइलें या अन्य रद्दी निकलेगी, उसे बेचकर केंद्र सरकार को करीब एक हजार करोड़ रुपये की कमाई हो सकती है।

**2 अक्तूबर से होगी शुरुआत:** डिपार्टमेंट ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म्स एंड पब्लिक ग्रीवांसेस के सचिव वी श्रीनिवास ने बताया कि केंद्र सरकार संस्थागत सफाई और लंबित मामलों के जल्द निपटारे के लिए समर्पित है। स्वच्छता अभियान का स्पेशल कैंपेन 3.0 की शुरूआत 2 अक्तूबर से होने जा रही है और यह 31 अक्तूबर तक चलेगा। इस दौरान सभी सरकारी कार्यालयों में सफाई की जाएगी। 1989 बैच के आईएएस अधिकारी एस श्रीनिवास ने बताया कि स्वच्छता अभियान का दूसरा संस्करण खासा सफल रहा था और इस दौरान सभी मंत्रालयों और सरकारी विभागों में स्वच्छता अभियान के तहत पूरे साल हर हफ्ते तीन घंटे सफाई को दिए गए।

**100 नोडल अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी:** अभियान के तहत 100 से ज्यादा नोडल अधिकारियों को इस सफाई अभियान की जिम्मेदारी दी गई है। स्वच्छता अभियान के दूसरे संस्करण के दौरान 1.37 लाख जगहों पर सफाई की गई और इस दौरान निकली रद्दी से करीब 520 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। एस श्रीनिवास के अनुसार, दूसरे संस्करण के दौरान सरकारी कार्यालयों से करीब 50 लाख फाइलें हटाई गईं और इससे 172 लाख स्कवायर फीट का ऑफिस स्थान खाली हुआ। 31.35 लाख मामले निपटाए गए। अब तीसरे संस्करण के तहत 31 अक्तूबर 2023 तक करीब 1000 करोड़ रुपये की कीमत की रद्दी निकल सकती है। साथ ही इस अभियान से 100 लाख स्कवायर फीट ऑफिस स्थान खाली होगा।

# सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ करेगी राजद्रोह कानून पर सुनवाई

**एजेंसी/नई दिल्ली**

राजद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट की 5 या 7 जजों की संविधान पीठ सुनवाई करेगी। मामले को बड़ी बेंच को भेजते हुए कोर्ट ने कहा है कि इसे कम से कम 5 जजों की बेंच सुनेगी। चीफ जस्टिस बेंच के गठन पर निर्णय लेंगे। यह बेंच 1962 के 'केदारनाथ सिंह बनाम बिहार सरकार' फैसले की समीक्षा करेगी। इस फैसले में आइपीसी की धारा 124 ए को वैध ठहराया गया था। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने नए प्रस्तावित आपराधिक कानून का हवाला दिया. अटॉर्नी जनरल और सॉलिसीटर जनरल ने अनुरोध किया कि नए कानून के पास होने तक इंतजार किया जाए, लेकिन कोर्ट इससे सहमत नहीं हुआ. कोर्ट ने कहा कि नया कानून आ जाने पर भी आइपीसी की धारा 124ए के तहत दर्ज पुराने मुकदमे खत्म नहीं होंगे। इसलिए, इस धारा की वैधता पर सुनवाई जरूरी है।

चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे बी पारडीवाला और मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा कि 1962 का फैसला भी 5 जजों की बेंच का था। इसलिए, 5 या उससे अधिक जजों की बेंच को ही मामले पर विचार करना चाहिए। जजों ने कहा कि केदारनाथ मामले के फैसले में इस बात का हवाला दिया गया था कि संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमा तय की गई है। इसमें देश के खिलाफ बयानों को संरक्षण नहीं दिया गया है, जबकि धारा 124ए में विधिवत गठित सरकार के खिलाफ लोगों को उकसाने वाले बयान को अपराध लिखा गया है। इस अंतर की व्याख्या जरूरी है।

कोर्ट ने यह भी कहा है कि पुराना फैसला सिर्फ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता यानी अनुच्छेद 19 (1)(') के आधार पर दिया गया था, लेकिन इस तरह के मामलों को अनुच्छेद 14 यानी कानून की नजर में समानता का अधिकार और अनुच्छेद 21 यानी गरिमा के साथ जीवन के अधिकार के तहत भी परखा जाना चाहिए। साथ ही यह भी देखना चाहिए कि ब्रिटिश काल का यह कानून देश में संविधान लागू होने से पहले का है। ऐसे में क्या यह संवैधानिक मानकों पर खरा उतरता है?

# जम्मू के राजोरी में आतंकियों व सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़

## एक आतंकी ढेर, सेना का एक जवान शहीद

**एजेंसी/जम्मू**

जम्मू संभाग के राजोरी जिले में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर हो गया है। वहीं दूसरी तरफ सेना का एक जवान शहीद हो गया है। इसके अलावा एक पुलिस एसपीओ सहित तीन घायल हुए हैं। शहीद हुए सेना के जवान की पहचान 21 राष्ट्रीय राइफल्स के सिपाही जसविंदर सिंह के रूप में हुई है। वहीं तीन अन्य घायल सुरक्षा कर्मियों की पहचान सब इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ (एसपीओ) के रूप में की गई है।

कांस्टेबल मोहम्मद रफीक और कांस्टेबल मोहम्मद इकबाल भी घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के राजोरी जिले के एक दूरदराज के गांव नारला में तलाशी दल पर आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में सुरक्षा जवान घायल हो गया। जम्मू जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक



मुकेश सिंह ने बताया कि सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस का एसओजी ने संयुक्त रूप से मुठभेड़ मे शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि शुरूआती गोलीबारी में एक सुरक्षा जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने सोमवार शाम को तरेडू के जंगली इलाके में तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया और दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधि देखने पर कुछ राउंड फायरिंग की थी। हालांकि रात को ही दोनों संदिग्ध अंधेरे और घने जंगल का फायदा उठाकर घटनास्थल से भागने में सफल रहे वहीं समाचार लिखे जाने तक दोनों और से गोलाबारी जारी थी।

## ग्रेटर नोएडा में 21 से 25 सितंबर तक आयोजित ट्रेड शो में पूरी दुनिया देखेगी उप्र की धमक

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में दिखेगा उत्कृष्ट कला का नमूना

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

योगी सरकार प्रदेश के स्टार्टअप्स, उद्योगों और सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम (एमएसएमई) व स्थानीय शिल्प कलाओं को अंतरराष्ट्रीय फलक पर पहचान दिलाने के लिए 21 से 25 सितंबर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 का आयोजन करने जा रही है। ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में उत्तर प्रदेश के दो हजार से ज्यादा एग्जीबिटर्स अपने अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इसमें प्रदेश की शिल्पकलाओं के साथ ही नव उद्यमियों की मेधा से सृजित उत्पादों से दुनियाभर के बायर्स तक पहुंच बनाने का प्रयास होगा। इसके अलावा इंटरनेशनल ट्रेड शो परिसर में हॉल ऑफ टाउन ऑफ एक्सपोर्ट एक्सिलेंस में यूपी के 12 शहरों की उत्कृष्ट शिल्प कलाओं का भी प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही प्रदेश में मौजूद हेल्थ एंड वेलनेस सेक्टर के मजबूत आधार को भी इस ट्रेड शो के जरिए दुनियाभर के बायर्स के सामने प्रदर्शित किया जाएगा।

### सरकार दे रही कई तरह की सुविधा और रियायत

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, जीआई उत्पाद समेत अन्य उत्पादों से जुड़े उद्यमियों को इंटरनेशनल प्लेटफार्म प्रदान कर रही है। ग्रेटर नोएडा में होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में वाराणसी के उत्पाद धूम मचाने के लिए तैयार है। उपायुक्त उद्योग, वाराणसी मोहन शर्मा ने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में 24 हस्तशिल्प वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के, 4 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के जिसमें लकड़ी, स्टोन कार्विंग व सिल्क उद्योग से जुड़े हैं और 3 एक्सपोर्टर कालीन उद्योग और बनारसी सिल्क साड़ी से जुड़े शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए सरकार की तरफ से नियमानुसार कई तरह की सुविधा और रियायत दी जा रही है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से बनारसी सिल्क ब्रोकेड के कारोबारी ताज मोहम्मद करघे के ताने-बाने से देश की संस्कृति को अंतर्राष्ट्रीय फलक पर लाने के लिए खास बुनाई कर रहे है। काशी के घाटों, नंदी, त्रिशूल और संस्कृत में मातृभूमिवन्दना के श्लोक की बनारसी साडी पर खास बुनाई की गई है। ताज मोहम्मद ने बताया कि योगी सरकार हम लोगों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध करा रही है और हम लोग ट्रेड शो के लिए लिए विशेष तैयारी में जुटे हैं।

**लुप्त विरासत को मिल रहा सम्मान:** उद्यमी दीप माला राय ने बताया कि हम लोग जूट और कपड़ो से तैयार किये गए विभिन्न उत्पाद यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में ले जा रहे हैं जिसे ज्यादातर महिलाओं ने तैयार किया है। इस ट्रेड शो से अपार संभावनाएं है। हम लोग योगी जी की नीतियों के कारण पूर्वांचल के बाजार से निकल कर देश और विदेश के मार्केट तक पहुंचेंगे। गुलाबी मीनाकारी के नेशनल अवार्डी शिल्पी कुंज बिहारी और सॉफ्ट स्टोन अंडर कट के स्टेट अवार्ड विजेता द्वारिका प्रसाद ने बताया कि योगी सरकार की मदद से शिल्पियों को इंटरनेशनल मार्केट मिल रहा है, जिससे बनारस की लुप्त हो रही विरासत को जिन्दा होने के साथ ही बड़ा बाजार मिल रहा है।



### लैंड फॉर जॉब घोटाले में बढ़ने वाली है मुश्किलें

# लालू के खिलाफ मुकदमा चलाने की मिली अनुमति

- सीबीआई ने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट को दी जानकारी
- बताया, केंद्रीय गृह मंत्रालय से पूर्व रेल मंत्री के नई चार्जशीट दाखिल करने की मिल गई है अनुमति

**केटी न्यूज/पटना**

देश का रेल मंत्री रहते रेलवे में नौकरी देने के एवज में अपने, रिश्तेदारों या करीबियों के नाम पर जमीन लिखवाने, यानी लैंड फॉर जॉब घोटाले में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। वह केंद्रीय जांच एजेंसियों पर प्रताड़ना का भले जितना आरोप लगा रहे हों, केंद्रीय जांच ब्यूरो ने कदम आगे बढ़ा दिया है। सीबीआई ने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट को जानकारी दी है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय से उसे पूर्व रेल मंत्री के खिलाफ लैंड फॉर जॉब घोटाले में नई चार्जशीट दाखिल करने की अनुमति मिल गई है।

राउज एवेन्यू कोर्ट में सीबीआई ने लैंड फॉर जॉब मामले की सुनवाई के दौरान गृह मंत्रालय से फ्रेश चार्जशीट के लिए अनुमति की अद्यतन जानकारी दी। सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद के खिलाफ नई चार्जशीट के लिए अनुमति मिल गई है और रेलवे के तीन अधिकारियों के खिलाफ भी एक हफ्ते में ऐसी अनुमति मिल जाएगी। कोर्ट ने सीबीआई की ओर से दी गई जानकारी को देखते हुए 21 सितंबर को सुनवाई की अगली तारीख मुकर्रर की है।

**सीबीआई ने जमानत रद्द करने की भी मांग की थी:** इससे पहले, सीबीआई ने राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को हाईकोर्ट से मिली जमानत को भी रद्द करने की मांग की थी। इस मांग पर सुनवाई की लंबी तारीख मिल चुकी है। सीबीआई की दलील थी कि लालू को खराब स्वास्थ्य के आधार पर जमानत दी गई, जबकि वह सैर-सपाटा कर रहे हैं। लालू की ओर से इस सीबीआई की इस दलील के जवाब में कहा गया था कि इस उम्र में उन्हें जेल में बंद रखने से कोई फायदा नहीं होगा। जमानत खारिज करने की सीबीआई की अपील के बाद माना जा रहा था कि लालू प्रसाद की गतिविधियां घटेंगी, लेकिन वह लगातार सक्रिय हैं। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ बने भाजपा-विरोधी इंडिया गठबंधन की बैठक में मुंबई भी गए और बिहार में वह गोपालगंज के बाद अब झारखंड में देवघर जाकर मंदिर का दर्शन कर लौटे हैं। इस बीच लालू पटना के गंगा पथ पर भी नजर आए हैं और वीरचंद पटेल पथ स्थित पार्टी मुख्यालय का भ्रमण करते हुए भी दिखे हैं।



#### इसी साल तेजस्वी का नाम भी जोड़ा गया

इस केस में तीन जुलाई 2023 को सीबीआई ने दूसरी चार्जशीट दाखिल की, जिसमें पहली बार तेजस्वी यादव को आरोपी बनाया गया। तेजस्वी यादव का नाम भी आरोपी के तौर पर जब शामिल हुआ तो खूब बयानबाजी भी हुई थी। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा था कि इसकी आशंका तो तेजस्वी यादव को पहले से थी। तेजस्वी यादव काफी मजबूत व्यक्ति हैं। उन्होंने पहले ही कहा था कि यह सब होने वाला है। इस तरह डराने-धमकाने से कुछ नहीं होने वाला है।

#### सुशील मोदी लगातार करते रहे हैं हमला

जमीन के बदले नौकरी के मामले में लगातार बीजेपी हमला करती है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी यह कह चुके हैं कि रेलवे की नौकरी के बदले जमीन मामले में संपत्ति जब्त करने की प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के बाद लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव को बताना चाहिए कि आखिर वे लगभग 100 करोड़ की संपत्ति के मालिक कैसे बने? इस मामले में चुप्पी साधने के बजाय नीतीश कुमार को तेजस्वी यादव से बिंदुवार जवाब मांगना चाहिए। जेडीयू लालू परिवार पर ईडी और सीबीआई की कार्रवाई का विरोध केवल दिखावे के लिए कर रहा है।

## अबकी बार नीतीश कुमार का पल्टासन भुला देना है: सम्राट

**केटी न्यूज/पटना**

भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश के अध्यक्ष सम्राट चौधरी मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर गया पहुंचे। बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया था। वहीं सभा को संबोधित करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दूसरे को गद्दी पर बैठाने का काम करते आ रही है। 1967 में पहली बार भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से कपूर्री ठाकुर मुख्यमंत्री बने और पहली बार लालू को भी हाड़ में हरदी लगाने का काम किसी ने किया तो भाजपा के 39 विधायकों ने। लालू खूब चिल्लाते हैं न। राजद के लोग मिलेंगे तो उनसे पूछना 15 साल में सरकार में लालू प्रसाद रहे तो उन्होंने किसको आरक्षण दिया।

आजकल बिहार में नीतीश बाबू मुख्यमंत्री हैं और पलटी मार मार के गद्दी पर बैठना सीख गए हैं इस बार नीतीश कुमार का पूरा इलाज कर देना है सभी को अबकी बार नीतीश कुमार को छोड़ना नही है। इनका पल्टासन भूला देना है और बिहार में पांच बार नीतीश कुमार भाजपा के सहयोग से मुख्यमंत्री बने हैं लेकिन नीतीश जी को आजकल कीड़ा काट लिया है। एक बार दौरा आया था नीतीश कुमार को 2014 में की देश के प्रधानमंत्री बन जायेंगे तो उस समय दो सीट आई थी और इस बार जीरो हो जाएगा और जब चुनाव आता है तो लालू जी कहते है बैकवर्ड और फारवर्ड हो गया है। लालू ने 15 साल लुटा है और 15 साल में एक भी व्यक्ति को आरक्षण नहीं दिया है। राजद के लोगों से पूछिए आपने किसको आरक्षण दिया है लालू ने किसी को आरक्षण नहीं दिया है। लालू ने आरक्षण दिया है अपने पत्नी राबड़ी देवी को दिया है और अपने पत्नी को आरक्षण देकर गद्दी पर बैठाया है। फिर कहा मेरा बेटा उपमुख्यमंत्री बनेगा तब अपने बेटे को आरक्षण दिया है फिर कहा मेरा एक बेटा मंत्री बनेगा तब अपने एक और बेटे को आरक्षण दिया है।



साथ ही कहा कि मेरी बेटी राज्यसभा जाएगी तो उसको आरक्षण दिया है आप इसको आरक्षण की बात करते है जो आपके परिवार में है और आज देश मे कौन प्रधानमंत्री है। एक चाय बेचने वाला का बेटा है हम सभी लोग चारा चोर के साथ जायेगे या चाय बेचने वलंके साथ जायेगे ये तय करना है आपको साथियों 2024 का चुनाव आने वाला है अगर आपने नीव अच्छा रखा तो सब अच्छा होगा। लालन सिंह के ब्यान पर कहा कि नीतीश कुमार पे जो दाग है लालन सिंह ने ही तय किया था जब लालन सिंह विरोध में थे तब कहते थे, अतड़ी का दांत हम निकलेंगे कोई दूसरा नहीं कहता था। लालू पर भी दाग लगाने का काम नीतीश कुमार के पार्टी ने ही किया है इसलिए सारे दाग नीतीश कुमार जी ही दूसरे पर लगाने का काम करते हैं।

## सीतामढ़ी में मॉर्निंग वॉक पर निकले दो लोगों को मारी गोली

**केटी न्यूज/पटना**

सीतामढ़ी में अपराधियों ने दिनदहाड़े दो लोगों को गोली मार दी। दोनों की हालत गंभीर है। अस्पताल में दोनों का इलाज चल रहा है। घटना जिले के पुपरी थाना क्षेत्र की है। मंगलवार को मॉर्निंग वॉक पर निकले 70 वर्षीय बुजुर्ग से अपराधियों ने चेन स्नैचिंग करने की कोशिश की। इसके बाद फिर पहले चैन स्नैचिंग की घटना को अंजाम देने को कोशिश की। बुजुर्ग द्वारा विरोध करने पर अपराधियों ने जांघ गोली मार दी। इतना ही नहीं बीच-बचाव करने गए एक मिठाई दुकानदार को भी जांघ में गोली मार दी। दोनो की स्थिति गंभीर है और इलाज के लिए शहर के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुपरी थाना क्षेत्र के नागेश्वर नाथ मंदिर चौक के समीप अपराधियों ने मॉर्निंग वॉक पर निकले मिठाई



दुकानदार दीपक कुमार और ज्वेलरी दुकान के प्रोपराइटर सुरेश कुमार शाह से चैन स्कैनिंग की घटना को अंजाम दिया। सुरेश शाह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे इसी दौरान अपाची बाइक पर सवार दो अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। वहीं लोगों की भीड़ बढ़ने पर 4 से 5 राउंड हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए पुपरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से रेफर कर दिया गया।

## हाइवा ने ऑटो को मारी टक्कर, दो महिलाओं की मौत

**पटना।** पटना में देवी दर्शन को जा रही महिलाओं से भरे ऑटो में हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दो महिलाओं की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन की हालत गंभीर है। घायल महिलाओं ने बताया कि वे सभी जगदंबा स्थान देवी दर्शन करने जा रही थी। घटना के संबंध में घायल महिलाओं ने बताया कि पटना के जक्कनपुर निवासी नमिता देवी कुछ महिलाओं के साथ मंगलवार को बख्तियारपुर स्थित जगदंबा देवी दर्शन करने जा रही थी। तभी दौलतपुर गांव के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार हाइवा ने ऑटो में जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतना जोरदार था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में ऑटो में सवार नमिता देवी (54) और मधु कुमारी (35) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि तीन महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

## सच्चिदानंद राय ने दोनों हाथ जोड़कर तेजस्वी से मांगी माफी

**केटी न्यूज/पटना**

निर्दलीय विधान पार्षद और प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज के सदस्य सच्चिदानंद राय बयान देने के बाद अब बैकफुट पर आ गए हैं। उन्होंने डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से हाथ जोड़कर माफी मांगी है। मंगलवार को वीडियो बयान जारी किया है। उन्होंने हाथ जोड़कर विनती करते हुए कहा कि वो आवेश में आ गए थे। उनके जुबान से अपशब्द कैसे निकल गया इसके लिए हैरत में हैं। कहा कि मुझे यह इस तरह का बयान नहीं देना चाहिए था। जिनकी भी भावना आहत आहत हुई है उसके लिए मैं क्षमा चाहता हूं।

जारी वीडियो में सच्चिदानंद राय ने इसका जिक्र किया है कि उन्होंने अपशब्द क्यों कह दिया था। आवेश को लेकर कहा कि कुछ दिन पहले दिल्ली को दुल्हन की तरह सजाया गया था और भारत आगे बढ़ रहा है इसको भी दशार्या गया था। इसमें कई राज्यों का जिक्र था, लेकिन बिहार



कहीं नहीं दिखा तो मुझे रात भर नींद नहीं आई। मैं बेचैन था कि मेरे बिहार के लिए कब कोई बात करेगा?

सच्चिदानंद राय ने कहा कि शनिवार को जब मैं संवाददाता सम्मेलन कर रहा था तो इस तरह का प्रश्न आया था। जवाब में मैंने तेजस्वी के उस बयान को याद किया जिसमें उन्होंने कहा था कि मेरी सरकार आते ही 10 लाख नौकरी देंगे जो संभव नहीं है कि एक बार में कोई 10 लाख नौकरी दे दे। उसकी प्रक्रिया है इसलिए मैं आवेश में आ गया था। इस आवेश में मैंने तेजस्वी यादव के खिलाफ एक गलत शब्द का उपयोग कर दिया था जो मुझे नहीं करना चाहिए था।


GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in




विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा

- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण



# प्लेटलेट्स की कमी को दूर करने के लिए प्रखंडों में लगाए जाएंगे शिविर

**केटी न्यूज/बक्सर**

राज्य में बढ़ते डेंगू को मामलों को देखते हुए राज्य स्वास्थ्य समिति ने अपनी पूरी कर ली है। इस क्रम में जिले में डेंगू के मरीजों के लिए 30 विशेष बेड सुरक्षित कर लिए है। हालांकि, जिला स्वास्थ्य समिति अब जिले में प्लेटलेट्स की कमी को दूर करने के लिए प्रयासरत है। वहीं, जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल भी डेंगू को लेकर लगातार अनुश्रवण कर रहे हैं। इस क्रम में बीते दिन जिला स्वास्थ्य समिति ने भारतीय मेडिकल एसोसिएशन सदस्यों के साथ बैठक की। जिसमें डेंगू के रोकथाम के साथ संभावित मरीजों के



इलाज की व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा ने कहा कि राज्य में डेंगू के मामलों में लगातार वृद्धि जारी है। हालांकि, बक्सर जिले के अब तक डेंगू के इक्का दुक्का मरीज मिले हैं, जिनका इलाज चल रहा। ऐसे में डेंगू के तेज प्रसार की संभावना को नकारा भी नहीं जा सकता। यदि डेंगू का प्रसार तेज होता है तो हमें पहले से ही तैयार रहना होगा। जिसमें सबसे बड़ी समस्या है मरीजों के लिए प्लेटलेट्स की व्यवस्था करना।

**तैयार होगा प्लेटलेट्स के लिए रक्तदाताओं का लिस्ट :** इस क्रम में आईएम ने जिला स्वास्थ्य समिति की हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। आईएमए के प्रेसिडेंट विनोद कुमार सिंह ने सिविल सर्जन से कहा कि आईएमए के सदस्य डेंगू की रोकथाम के लिए जिला स्वास्थ्य समिति के साथ खड़े रहेंगे। साथ ही, निजी क्लिनिक में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को डेंगू से बचाव के लिए प्रेरित करेंगे। ताकि, लोगों में जागरूकता आ सके। वहीं, जिला स्वास्थ्य समिति के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह डीएमओ डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में डेंगू से बचाव, इलाज और रोकथाम के लिए बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स लगाए जा चुके हैं। साथ ही, पीएचसी स्तर पर पंपलेट वितरण का भी कार्य किया जा रहा। जिससे लोगों में जागरूकता आए।

बैठक में आईएमए के सेक्रेट्री डॉ. अजित सिंह, सदस्यों में डॉ. राजीव झा, डॉ. शैलेश, डॉ. एसएन उपाध्याय समेत अन्य चिकित्सक शामिल रहें।

### लोगों को रक्तदान के लिए किया जाएगा जागरूक

सिविल सर्जन डॉ. सिन्हा ने कहा, जिले में प्लेटलेट्स की कमी को दूर करने के लिए जिलाधिकारी के निर्देशन पर प्रखंडों में रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। जिसके प्रचार प्रसार की पूरी जिम्मेदारी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी की होगी। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों और संस्थाओं के सदस्यों को जागरूक कर रक्तदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल में जिस प्रकार से लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मरीजों के लिए प्लेटलेट्स की व्यवस्था की थी, ठीक उसी प्रकार एक बार फिर लोगों को आगे आना होगा।

## एक नजर

### अलीगढ़ से पटना जा रहा शराब लदा कंटेनर जब्त, 40 लाख की शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

**ब्रह्मपुर।** शराब तस्करी के खिलाफ अनुमंडल की ब्रह्मपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यूपी के अलीगढ़ से पटना जा रही शराब लदी एक कंटेनर को जब्त किया है तथा उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया है। ट्रक पर इंपीरियर ब्लू ब्रांड का 4252.32 लिटर शराब बरामद किया है। जिसक अनुमानित कीमत 40 लाख रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रक से एक जीपीएस व एक मोबाईल भी बरामद किया है। वही चालक से पूछताछ के आधार पर पुलिस तस्करों की पहचान व उनकी गिरफ्तारी में जुट गई है। गिरफ्तार ट्रक चालक मंगला राम पिता हरजी राम राजस्थान के बाडमेर जिले के शेखर थाना क्षेत्र के भांवर गांव का रहने वाला है। डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि शराब की एक बड़ी खेप बक्सर आरा हाईवे से गुजरने वाली है। इस सूचना पर एनएच 922 के किनारे स्थित थानों को सूचना दे अलर्ट किया गया। इस दौरान ब्रह्मपुर पुलिस को पुरवा गांव के पास एक छह चक्का का आइसर ट्रक दिखाई पड़ा। जिसका नंबर एचआर 55 एके 1997 था। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो उसका चालक ट्रक से उतर भागने लगा। जिसे पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। ट्रक के तलाशी के दौरान कुल 480 कॉर्टन में 4252.32 लीटर शराब मिला। जिसमें 180 एमएल के 188 कॉर्टन, 375 एमएल का 148 कॉर्टन तथा 750 एमएल के 144 कॉर्टन शराब मिले है। जिसकी अनुमानित कीमत 40 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि शराब की यह खेप पटना ले जाई जा रही थी। ट्रक से एक जीपीएस सिस्टम तथा एक मोबाईल मिला है। मोबाईल के आधार पर तस्करों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।



### नाबालिग से छेड़खानी, उलाहना देने गए पिता और भाई की पिटाई, पांच गिरफ्तार

**नावानगर।** नावानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी के साथ गांव के ही एक मनचले ने सरेआम छेड़खानी किया। इस बात की जानकारी जब किशोरी ने अपने परिजनों को दी तो उसके पिता तथा भाई उसके गांव उलाहना देने गए। इस दौरान आरोपी युवक तथा उसके परिजनों द्वारा इनलोगों की जमकर पिटाई कर दी गई। इस पिटाई से किशोरी के पिता को गंभीर चोटें आई है। स्थानीय सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। जहां चिंताजनक स्थिति में उनका इलाज जारी है। किशोरी के बयान पर नावानगर थाने में कुल नौ लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है। जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी करण पासवान के साथ ही श्रीभगवान पासवान, हरेन्द्र उर्फ छोटक पासवान, छोटेलाल पासवान तथा दिनेश पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि चार अन्य आरोपी फरार चल रहे है। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों के खिलाफ पास्को ऐक्ट तथा हत्या के प्रयास के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है।

### चोरी की शिकायत करने गए युवक पर चाकू से हमला

**सिमरी।** सोमवार की देर शाम स्थानीय थाना क्षेत्र के धनहा गांव में चोरी की शिकायत करने गए एक युवक पर आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से जख्मी हुआ है। जिसका इलाज सिमरी सीएचसी में कराया गया। पीड़ित युवक धन्नू कुमार की मां मंजू देवी ने थाने में चार लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में मंजू ने बताया कि सोमवार की शाम वह अपना खेत घुमने के लिए गयी थी। खेत में मिर्च के पौधे लगाई है तथा उनका पड़ोसी भी मिर्च की खेती किया है। जब वह खेत पर पहुंची तो आरोपियों ने उसपर मिर्च का पौधा चोरी करने का आरोप लगाने लगे। लेकिन वह बिना कुछ कहे वहां से घर वापस चली आई और घर आने के बाद वह अपने पुत्र धन्नू को मामले की जानकारी दी। वहीं जानकारी होने के बाद धन्नु अपने पड़ोसी के पास पूछताछ करने पहुंचा। अभी वह उनलोगों से पूछताछ कर ही रहा था कि नामजदों ने उसे घेर कर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह लहुलूहान हो गया। जब उसकी मां वहां पहुंची तो देखा कि वह लहुलुहान होकर जमीन पर पड़ा है। वह उनलोगों से मारपीट करने पर पूछताछ करने लगी तो आरोपियों ने उसकी भी पिटाई कर दी। वहीं महिला की शोर सुनकर जब तक आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे तो उसके पहले नामजद मंजू की गर्दन से सोने का लाकेट नोचकर भाग खड़े हुए थे। सिमरी थानाध्यक्ष अमन कुमार ने बताया कि पीड़िता के बयान पर चार को नामजद किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## खबरें फटाफट

### मैट्रिक के छात्रों ने किया सड़क जाम

**नावानगर।** मैट्रिक परीक्षा का फॉर्म भरने में ज्यादा पैसा लेने का आरोप लगाते हुए सोनवर्षा हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को सड़क जाम कर दिया। लगभग आधा घण्टे तक एनएच 319 पर छात्रों के जाम से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। जाम की सूचना पर पहुंचे सोनवर्षा ओपी पुलिस ने छात्र-छात्राओं को समझा बुझाकर सड़क से जाम हटवाया। इस संबंध में ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि छात्र छात्राओं की शिकायत थी, कि हर जगह फॉर्म भरने का 1000 रुपये लिया जा रहा है। जबकि यहां 1340 रुपये की मांग की जा रही है। मामले में सोनवर्षा के एचएम जितेंद कुमार ने बताया कि सालाना फीस के रूप में 340 रुपये है, जो छात्रों ने नही दिया है। जिसके कारण फॉर्म भरने के दौरान दोनो मिलाकर 1340 रुपया लिया जा रहा है। साथ ही एससी एसटी का फीस कम है।

### रोजगार मेला में 19 अभ्यर्थियों का हुआ ऑनस्पॉट चयन

**बक्सर।** नगर के आईटीआई परिसर स्थित संयुक्त श्रम भवन में मंगलवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। इस नियोजन कैंप में कुल 19 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। वहीं नियोजन कैंप में निर्धारित समय से काफी संख्या में अभ्यर्थी पहुंच गये थे। वहीं 50 सीटों के लिए नियोजन की प्रक्रिया की गई। जिसमें 56 अभ्यर्थियों ने अपना आवेदन दिया। जिसमें फाइनल रूप से 19 अभ्यर्थियों का चयन नियोक्ता कंपनी के प्रतिनिधियों ने किया है। जोमैटो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा जिला स्थित संयुक्त श्रम भवन में 50 पदों के लिए नियोजन प्रक्रिया अपनाई गई। जानकारी देते हुए नियोजन पदाधिकारी अनीश तिवारी ने बताया कि जोमैटो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने 50 डिलेवरी ब्यॉय की रिक्ति के लिए कैंप का आयोजन किया था। जिसमें कुल 56 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। नियोक्ता कंपनी के प्रतिनिधियों ने रिक्ति के आलोक में 19 अभ्यर्थियों का चयन किया है।

### डुमरांव के बड़े हिस्से में वर्षों से जमा है सेंट्रल नाला का गंदा पानी, सहमे हैं लोग

# सावधान ! सेंट्रल नाला के मिस मैनेजमेंट से शहर में हो सकता है डेंगू का विस्फोट



**केटी न्यूज/डुमरांव**

सूबे में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। हर दिन सैकड़ों नए मरीज सामने आ रहे है। यह जानलेवा बीमारी मुख्यतः मच्छरजनित वायरल इंफेक्शन है। बता दें कि मच्छरों का प्रजनन जलजमाव वाले इलाके में ही होता है और डुमरांव इन दिनों मच्छरों के प्रजनन के लिए मुफीद जगह बना हुआ है। हम बात कर रहे है डुमरांव के कई इलाकों में जलजमाव की। सेंट्रल नाला के मिस मैनेजमेंट के चलते खासकर सेंट्रल नाला के एंड प्वाइंट पर वर्षों से गंदा पानी जमा है। अपकारी गली के पीछे तथा संत कॉलोनी के चारों तरफ भीषण जलजमाव है। इसके अलावे साफाखाना रोड के नहर वाले इलाके से होते हुए सेंट्रल नाला का गंदा पानी खिरौली गांव के तीन तरफ फैला हुआ है।

वहीं मुख्य पथ के किनारे ईदगाह से खिरौली तक सेट्रल नाला का पानी करीब सैकड़ो एकड़ में फैल गया है। जिस कारण उद्यान विभाग के बागीचे सूख चुके है। जबकि खिरौली काली मंदिर का इलाका चारों तरफ से जलजमाव से घिरा है। यह दोनों जगह मुख्य पथ के किनारे है। जाहिर है सेंट्रल नाला के मिस मैनेजमेंट के कारण शहर में जलजमाव की समस्या गंभीर हो गई है। जिस कारण मच्छरों की तादात भी बढ़ी है। यही कारण है कि लोगों में डेंगू, मलेरिया जैसे मच्छरजनित रोगों के साथ ही हैजा जैसे गंदे पानी के कारण होने वाले संक्रामक बीमारी के फैलने का खतरा बना हुआ है। वही नगर परिषद के पास इस समस्या के समाधान के लिए अभी तक कोई तरकीब भी नहीं है। जिस कारण लोगों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है।

**कई रिहायसी इलाकों में भी है जलजमाव :** सेंट्रल नाला के अलावे वार्ड 18 के टेक्सटाईल कॉलोनी, लालगंज कड़वी सहित कई अन्य इलाकों के रिहायशी कॉलोनियों में भी जलजमाव हुआ है। जिस कारण लोगों में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। टेक्सटाईल कॉलोनी में जलमाव की समस्या काफी गंभीर हो चुकी है। केशव टाइम्स की टीम ने इस मुद्दे पर संत कॉलोनी के निवासियों लोगों की रायशुमारी ली गई है। पेश है उनकी प्रतिक्रियाएं :-



"पिछले दो तीन वर्षों से उनके कॉलोनी में सेंट्रल नाला का गंदा पानी जमा हो गया है। जिस कारण अब घरों में भी बदबू का सामना करना पड़ रहा है।
*- रूबी कुमारी*



"सेंट्रल नाला का गंदा पानी लंबे समय से उनके मोहल्ले में जमा है। वहीं घरों में लगे मोटर व चापाकलों से भी गंदा व बदबूदार पानी निकल रहा है।
*- उपेन्द्र पाठक*



"नगर परिषद से कई बार जलजमाव से मुक्ति दिलाने तथा सेंट्रल नाला के पानी का मैनेजमेंट करने की गुहार लगाई गई, लेकिन नतिजा सिफर है।
*- सोनू कुमार साह*



"गंदे पानी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। न तो जलनिकासी व्यवस्था है और न ही दवाओं का छिड़काव का।
**- गौतम कुमार**



"सेंट्रल नाला का गंदा पानी उनके मोहल्ले में जमा होने से जीवन नारकीय हो गया है। जलजमाव के कारण मच्छरों के साथ ही अन्य विषैले जीव जंतुओं का खतरा बना हुआ है।
- शैल देवी



"बरसात में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। जल जमाव से मच्छरजनित व जल जनित बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। लोगों को चाहिए कि वो खुद भी सावधानी बरतें।
**- डॉ. शैलेश कुमार**

### लोगों को दी जा रही जरूरी सलाह



"डेंगू की चुनौतियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार है। लोगों को जरूरी सलाह दी जा रही है। पीएचसी में डेंगू जांच की व्यवस्था व पर्याप्त दवाएं मौजूद है। अभी तक शहर में एक भी डेंगू मरीज सामने नहीं आए है। वैसे विभाग की तैयारी पूरी है।
*- डॉ. आरबी प्रसाद, चिकित्सा पदाधिकारी, पीएचसी, डुमरांव*

### वार्डों में कराया जा रहा छिड़काव



"डेंगू से बचाव के लिए कई वार्डों में छिड़काव का काम पूरा हो चुका है। जल्द ही सभी वार्डों में दवाओं का छिड़काव पूर्ण जाएगा। वहीं, रेलवे द्वारा फ्रेट टर्मिनल का निर्माण कराए जाने से भी सेंट्रल नाला में जलनिकासी की समस्या बन गई है। इसके लिए मास्टर प्लान बनाया जाएगा।
*- अनिरूद्ध प्रसाद, ईओ, नगर परिषद, डुमरांव*

# चाकलेट खरीदने निकले दो सगे भाई नहर में डूबे, मौत

**केटी न्यूज/ डुमरांव**

◆ सोमवार की शाम आथर के पास भोजपुर राजवाहा की घटना, एक साथ बुझे घर के दोनों चिराग

सोमवार की शाम अनुमंडल के वासुदेवा ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत आथर गांव में एक लोमहर्षक घटना घटित हुई है। घर से चॉकलेट खरीदने के लिए पैसा लेकर निकले दो सगे भाइयों की नहर में डूबने से मौत हो गई। उनके नहर में डूबने के करीब एक घंटा बाद किसानों ने जब देखा की नहर में पानी का बहाव रुक गया है तो साफ करने के लिए उसमें मछली पकड़ने के लिए लगाए गए जाल को हटाए तो दोनों मासूमों का शव बरामद हुआ। इसके बाद वहां अफरा तफरी मच गई।

घटना की सूचना पर पहुंचे मृतक कब परिजन नहर किनारे ही बेसुध हो गए थे। मृतकों की पहचान संतोष ठाकुर के 5 वर्षीय पुत्र शशि रंजन तथा दो वर्षीय पुत्र रवि रंजन के रूप में हुई है। इस घटना में संतोष के घर का चिराग बुझ गया है। उसे यही दोनों पुत्र थे। जब क्यों अपनी पत्नी का बंध्याकरण भी कर लिया था। जिस कारण मृतक के घर चित्कार मचा हुआ है। मासूम बच्चों की मां कल्पना देवी और दादा बिहारी ठाकुर घटना के बाद से ही रह रहकर अचेत हो जा रहे हैं। यही हाल अन्य परिजनों का है। जबकि संतोष ठाकुर विदेश में नौकरी करता है। वह उन बदनसीबों में शामिल है जो मौत के बाद भी अपने लाडलो का मुंह नहीं देख सका। घटना के दूसरे दिन भी मृतक के घर से चीखने चिल्लाने की आवाजे आते रही। जबकि गांव का माहौल गमगीन बना हुआ है। वहीं इसकी जानकारी मिलते ही वासुदेव ओपी थाने की पुलिस ने शवो को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार दोनों शाम तीन बजे अपनी मां से पैसे लेकर चॉकलेट खरीदने गांव से पश्चिम स्थित भोजपुर राजवाहा को पार कर दुकान पर जा रहे थे। नहर पुल पार करने के दौरान संभवतः उनका पैर फिसल गया होगा और वे नहर में डूब गए होंगे। करीब एक घंटे बाद किसानों ने जब नहर में लगे जाल को हटाया तो जाल के साथ उनका शव बाहर आ गया। इसके बाद परिजनों को इस घटना की जानकारी हुई। वासुदेवा ओपी प्रभारी विष्णुदेव कुमार ने इसकी पुष्टि की है।




### डुमरांव अनुमंडल के कई मंदिरों में मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण का छठीआर

# श्रीकृष्ण को अर्पित किया गया छप्पन भोग का प्रसाद

**केटी न्यूज/डुमरांव**

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के छठवें दिन डुमरांव अनुमंडल में परंपरागत तरीके से छठीआर मनाया गया। यह आयोजन डुमरांव के कई मंदिरों के अलावे लोगों के घरों में किया गया था। इस दौरान परंपरागत तरीके से चावल, कढ़ी, पकौड़ी, दहीबड़ा सहित छप्पन भोग लगा उसका प्रसाद ग्रहण किया गया।



जानकारी के अनुसार डुमरांव के राजगढ़ परिसर स्थित बांके बिहारी मंदिर, राजेश्वर मंदिर, मां काली मंदिर, रेलवे स्टेशन के पास स्थित पंच मंदिर में बड़े ही धूम धाम से भगवान श्रीकृष्ण के छठीआर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हो भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किए। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष भी लगाए जा रहे थे, जो आकर्षण का केन्द्र बना रहा। इसके अलावे लोगों के घरों में भी भगवान कृष्ण का छठीआर मनाया गया। बता दें कि आज भी बच्चों के जन्म के छठवे दिन छठी मनाने की परंपरा है। यही कारण है कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी के छठवें दिन छठीआर मनाया जाता है।

### केसठ में धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण का छठीआर

**केसठ।** प्रखंड के दसियांव गांव स्थित शिव मंदिर के परिसर में मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण का छठीआर उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंदिर के पुजारी लक्ष्मण दास जी महाराज ने किया। छठीआर उत्सव में सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं भक्तों ने भाग लिया।

भजन कीर्तन में श्रद्धालु एवं भक्त खूब झूमे। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के छठे दिन हर साल छठिआर उत्सव मनाया जाता है। इस दौरान ठाकुर जी की पालकी यात्रा भी निकाली गई। जो शिव मंदिर परिसर से निकल कर पूरब टोला व पश्चिम टोला होते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया। पुजारी ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार हर साल ठाकुर जी की पालकी का भ्रमण पूरे गांव में कराया जाता है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं एवं भक्तों ने जगह-जगह पूजा अर्चना कर आरती उतारी। इस दौरान हर कोई ठाकुर जी का दर्शन करने को लेकर बेताब दिखा। भक्तों ने स्वयं ठाकुर जी की पालकी में कंधा लगाया।

# डीएम के आदेश की नाफमानी: ओपीडी में बैठ फिजियोथेरेपिस्ट कर रहा इलाज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में डॉक्टर के बदले फिजियोथेरेपिस्ट ओपीडी में बैठ मरीजों का इलाज करता है। वह भी तब जब पिछले सप्ताह ही अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण करने आए डीएम ने उसे ओपीडी में नहीं बैठने की चेतावनी दी थी और डीएस को भी फटकार लगाई थी। लेकिन सोमवार को वह एक बार फिर से ओपीडी में बैठ मरीजों का इलाज करते नजर आया। जानकारी के अनुसार डुमरांव अनुमंडलयी अस्पताल में बतौर फिजियोथेरेपिस्ट तैनात अजय कुमार वहां आने वाले मरीजों को फिजियोथेरेपी देने के



बदले डाक्टर बन खुद उनका इलाज करता है। इसकी शिकायत लंबे समय से की जा रही थी। लेकिन पिछले दिनों अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण करने आए डीएम अंशुल अग्रवाल ने जब उसे ओपीडी में बैठ मरीजों का इलाज करते देखा तो दुबारा ओपीडी में नहीं बैठने को कहा था, लेकिन डीएम के जाते ही उनकी चेतावनी बेअसर हो गई।

जानकारों की मानें तो वह अगले दिन से ही ओपीडी में बैठने लगा था। सोमवार को केशव टाइम्स की टीम ने इस मुद्दे पर पड़ताल की। जहां ओपीडी में बैठ अजय कुमार मरीजों का इलाज करते नजर आए। वहीं जब टीम का कैमरा चमका तब वो वहां से धीरे से खिसक गया। वैसे अस्पताल सूत्रों की मानें तो वह सप्ताह के तीन चार दिन ओपीडी में बैठ मरीजों का इलाज करता है और उन्हें दवा तक लिखता है। जबकि फिजियोथेरेपिस्ट का काम डॉक्टर की सलाह पर मरीजों का फिजीयोथेरेपी करना है। उसे मेडिकल साइंस नहीं पढ़ाया जाता है। बल्कि कुछ महीनों के प्रशिक्षण का डिप्लोमा मात्र होता है। ऐसे में अनुमंडलीय अस्पताल में फिजीयोथेरेपिस्ट द्वारा मरीजों का इलाज किए जाने कई सवाल खड़े हो रहे है।

**बड़ा सवाल जब सरकारी अस्पतालों में मिलेगा झोला छाप को बढ़ावा तो उन्हें रोकेगा कौन :** अनुमंडल में झोला छाप डाक्टरों की भरमार है। कई ऐसे मामले भी आ चुके है जिसमें झोला छाप डॉक्टरों के गलत इलाज का शिकार हो मरीज अपनी जान गवां चुके है। स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेवारी झोला छाप डाक्टरों तथा बिना मानक के संचालित होने वाले नर्सिंग होमों पर लगाम लगाना भी है। लेकिन जब अनुमंडलीय अस्पताल जैसे बड़े सरकारी अस्पताल में ही झोला छाप को बढ़ावा मिलेगा तो सवाल उठता है कि निजी तौर पर झोला छाप डॉक्टरों को कौन रोकेगा। वहीं सवाल तो यह भी उठ रहा है कि डीएम के चेतावनी के बावजूद आखिर फिजीयोथेरपिस्ट किसके इशारे पर ओपीडी में डॉक्टर की कुर्सी पर बैठता है। वही जब फिजीयोथेरेपिस्ट ही डॉक्टर की कुर्सी पर बैठेगा तो वहां कार्यरत डॉक्टरों के इमेज पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा।

"डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा ओपीडी में बैठ इलाज करने की जानकारी मिली है। इस मामले की जांच करवाई जा रही है। दोष सिद्ध होने पर उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

*- डॉ. सुरेश चंद सिन्हा, सिविल सर्जन, बक्सर*

## खबरें फटाफट

### महिला की करंट की चपेट में आने से मौत

**आरा।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बौलीपुर गांव में मंगलवार की सुबह करंट की चपेट में आने से खेत में गयी 58 वर्षीया एक महिला की मौत हो गयी। बताया जाता है कि महिला मवेशियों के लिए घास लेने के लिए घर से निकली थी। जहां खेत में टूट कर गिरे 11 हजार वोल्ट की तार की चपेट में आ गयी। मृतका बौलीपुर गांव निवासी शिव प्रसाद सिंह की पत्नी तिजिया देवी थी। बेटे रमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सुबह आठ बजे उसकी मां थैला लेकर मिर्च और घास लाने खेत में गयी थी। खेत में बिजली के पोल के लगे खंबे पर ग्यारह हजार वोल्ट का तार टूट कर लटक रहा था। उसी खंबे से वह स्पर्श कर गई, जिसके कारण करंट लग गया और घटनास्थल पर उनकी मौत हो गई। दोपहर तक जब वह घर नहीं लौटी तो वह उन्हें ढूंढने के लिए खेत में गए। जहां देखा गया कि वो मृत अवस्था में पड़ी है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।

### युवक की विषैले सांप के डंसने से गई जान

**आरा।** गड़हनी थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में सोमवार की रात विषैले सांप के डंसने से एक 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि झाड़-फूंक के चक्कर में ही युवक की जान चली गई। झाड़-फूंक में हुई देरी के कारण युवक को समय पर अस्पताल नहीं ले जाया जा सका। मृतक बहादुरपुर गांव निवासी देव कुमार राम का बेटा विकास राम था। मृतक के परिजन मीता राम ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद वह घर के आंगन में ही सोया था। देर रात विषैले सांप ने उसे डंस लिया। जिसके बाद उसकी नींद खुली और उसने घरवालों को इसकी जानकारी दी। परिजन उसे तत्काल झाड़-फूंक कराने के लिए उसे लहरपा गांव ले गए। जहां करीब पांच घंटों तक झाड़-फूंक चला, लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। उसकी हालत ज्यादा बिगड़ता देखा ओझा ने इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने की सलाह दी। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी जान निकल गई थी। जिले के विभिन्न हिस्सों में झाड़-फूंक के चक्कर में कई लोगों की मौत हो गई थी। जिसमें पुरुष, महिला, बुजुर्ग और बच्चे भी शामल हैं।

### चरपोखरी थाना क्षेत्र के डेगोडिहरी गांव से पुलिस ने लैंडमाइंस एक्सपर्ट को दबोचा

# सफलता : नक्सली कांड में फरार पूर्व माओवादी एरिया कमांडर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नक्सली कांडों में फरार एक वांछित पूर्व माओवादी एरिया कमांडर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसे चरपोखरी थाने के डेगोडिहरी गांव से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार पूर्व माओवादी केशो यादव डेगोडिहरी गांव का रहने वाला है। वह 2013 में चरपोखरी थाना क्षेत्र के हरपुर के समीप सड़क निर्माण कर रही कंपनी से लेवी वसूलने में वांटेड था। पुलिस के अनुसार उसकी भूमिका लैंडमाइंस एक्सपर्ट के रूप में थी। वह चरपोखरी थाने में विभिन्न नक्सली कांडों में भी आरोपित है।



एसपी प्रमोद कुमार यादव ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि 2013 के सितंबर माह में चरपोखरी थाना क्षेत्र के हरपुर गांव के पास सड़क निर्माण कंपनी से लेवी की मांग की गयी थी। साथ ही, कंपनी के कर्मियों से मारपीट भी की गयी थी। जिसको लेकर चरपोखरी थाने में लेवी वसूलने, सीएमएएडीटी और यूएसीडीडीसीटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। मामले में केशो यादव वांटेड था और फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस प्रयासरत थी। सोमवार की शाम सूचना मिली कि वह अपने गांव आया है। जिसके बाद चरपोखरी थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि केशो यादव के खिलाफ चरपोखरी थाने में 2008 और 2006 में ही सीएलए एक्ट के तहत भी केस दर्ज है। उसके खिलाफ अन्य केस के बारे में जानकारी ली जा रही है। उसकी गिनती माओवादियों के बीच लैंडमाइंस एक्स्पर्ट के रूप में की जाती थी। वह पूर्व में भोजपुर और रोहतास इलाके का माओवादी एरिया कमांडर था। रोहतास सहित अन्य जिलों को भी उसकी गिरफ्तारी की सूचना दे दी गयी है। उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता है। छापेमारी टीम में चरपोखरी थाने के अन्य पुलिस कर्मी भी शामिल थे। बताया जा रहा कि केशो यादव पूर्व में चरपोखरी के बाबूबांध पंचायत का मुखिया भी रह चुका है।

### फाइनेंस कर्मी से लूट मामले का लाइनर गिरफ्तार

**आरा।** जिले के कृष्णगढ़ ओपी की पुलिस ने गुंडी कुटिया के समीप फाइनेंस कर्मी से लूट मामले के लाइनर को गिरफ्तार किया है। वह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी अशोक राय का बेटा अमरजीत कुमार है। बताया जाता है कि गिरफ्तार अपराधी लूटपाट की अन्य घटनाओं में भी लाइनर का काम करता था। हालांकि, पुलिस लूट की घटना में शामिल तीन अपराधियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### अपहरण सहित लूट के कई कांडों में वांटेड टॉप टेन अपराधी धराया

**आरा।** भोजपुर पुलिस ने जगदीशपुर थाना अंतर्गत असुधर गांव निवासी चिमनी मालिक सनोज यादव के अपहरण और लूट के आधा दर्जन कांडों में वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसका नाम टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल था। वह नवादा थाने के अनाइठ मोहल्ला निवासी कृष्णा यादव का बेटा जीतेंद्र यादव है। जिसे सोमवार की रात उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि 17 अगस्त को जगदीशपुर बाजार से असुधर गांव निवासी सनोज यादव को स्कॉर्पियो सवार लोगों ने अगवा किया था। जिसके बाद सनोज की पत्नी ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए चिमनी मालिक को बक्सर जिले के बगेन थाना क्षेत्र से 12 घंटों के अंदर सकुशल बरामद किया था। जहां पर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया था और अपहरण में प्रयुक्त स्कॉर्पियो भी जब्त की थी। मामले में जीतेंद्र यादव सहित अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही थी। गिरफ्तार जीतेंद्र यादव की अपहरण के अलावा जगदीशपुर, बिहिया और धनगाईं इलाके में लूट की कई घटनाओं में संलिप्ता सामने आयी है।

## एक नजर

### बिहार में अगर कोई सामंती है तो सिर्फ दो ही व्यक्ति नीतीश कुमार एवं लालू यादव : सम्राट

**जहानाबाद।** भारतीय जनता पार्टी बिहार के सम्मानित प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का पटना से गया जाने के क्रम में जहानाबाद जिला अंतर्गत मखदूमपुर विधानसभा के टेहटा बाजार में उनका अभिनंदन समारोह किया गया। जिसमें भाजपा कार्यकताओं एवं आमजनों से रू-ब-रू हुए। सतीश कुशवाहा ने अशोक स्तंभ का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। साथ ही फूल मालाओं से सभी लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। सम्राट चौधरी ने लोगों को प्रधानमंत्री के द्वारा किये गए कार्यों एवं हाल ही में जी-20 समिट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री अपने देश के लिए हर संभव प्रयास में लगे हैं कि देश का विकास कैसे हो साथ ही यह भी कहा कि बिहार सरकार में तानाशाही और भ्रस्टाचार चरम पर है इसमें नीतीश कुमार एवं लालू प्रसाद यादव को आड़े हाथ लेते हुए यह कहा कि बिहार में अगर कोई सामंती है तो सिर्फ दो ही व्यक्ति नीतीश कुमार एवं लालू यादव। इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कहा अगले लोकसभा चुनाव में फिर से माननीय मोदी को ही प्रधानमंत्री बनाने की अपील की और भारतीय जनता पार्टी को बिहार में सभी चालीस सीटों पर जिताने की बात कही उन्होंने यह भी कहा लोकसभा चुनाव के बाद आने वाला चुनाव बिहार का ही होगा जिसमें बिहार में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनाने की बात कही अंत मे कहा कि समय कम रहने के कारण यंहा ज्यादा समय नहीं दे सका हूँ इसलिए मैं आश्वासन देता हूं कि आप लोग निराश नहीं हो मैं टेहटा में अगले बार कार्यक्रम में पूर्ण समय दूंगा। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद सदस्य अनिल कुमार, डॉ. प्रमोद चन्द्रवंशी, जीवन कुमार एवं पूर्व गोह विधायक मनोज शर्मा, जिला प्रभारी शम्भू केसरी, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार देव, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कांत राय, कृष्ण मुरारी, जिला महामंत्री धीरज कुमार, मखदूमपुर विधानसभा संयोजक विमलेश शर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विनोद कुमार, जिला महामंत्री सह बीएलए - 1 मखदूमपुर विधानसभा रंजीत कुमार विश्वकर्मा, रणविजय सिंन्हा, मंडल अध्यक्ष विश्वनाथ कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।






# देशी कट्टा व चोरी की दो बाइक के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

**अरवल।** जिले की पुलिस ने पटना से चोरी किये गये दो बाइक और के साथ एक देशी कट्टा के साथ तीन अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद कासिम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि सोमवार को अरवल पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि अरवल थाना क्षेत्र के नहर रोड स्थित बैदराबाद के पास एक चोरी की गई बाइक पर दो व्यक्ति नहर के इधर-उधर घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव रंजन के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। जिसमें पुलिस अवर निरीक्षक सिन्दु कुमार, प्रभारी जिला आसूचना इकाई, अरवल के साथ पुलिस अवर निरीक्षक हरिकांत कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक उमेश राम, अरवल थाना एवं सशस्त्र बल को शामिल किया गया।



उक्त टीम ने प्राप्त सूचना का सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए नहर रोड बैदराबाद के पास से एक चोरी की बाइक के साथ दो अपराधी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी शशि कुमार, पिता स्व० विजय, घर कोरियम चौकी जिला अरवल तथा सागर कुमार, पिता स्व. धर्मेन्द्र, घर-दनारा, थाना विक्रम, जिला पटना का रहने वाला बताया जाता है। गिरफ्तार दोनों अपराधी के निशानदेही पर गोलु कुमार, पिता स्व. गांधी, घर कोरियम चौकी, जिला अरवल को कोरियम चौकी से एक चोरी की बाइक और एक अवैध देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर खुलासा करते हुए बताया कि दोनों बाइक पटना जिला से चोरी की गई थी। फिलहाल तीनों अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा दिया गया।

# 16 को फेसबुक लाइव से डेंगू से बचाव के बारे में बताएंगे सीएस

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में डेंगू के संभावित प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन और जिला स्वास्थ्य समिति अलर्ट मोड पर है। जिसको देखते हुए जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य समिति नई पहल करने जा रही है। राज्य में डेंगू के प्रसार को देखते हुए जिला प्रशासन के फेसबुक पेज बक्सर एडमिनिस्ट्रेशन के माध्यम से जिले वासियों को डेंगू से बचाव, इलाज और रोकथाम की जानकारी दी जाएगी।



इसके लिए जिला प्रशासन ने 16 सितंबर की तिथि निर्धारित की है। जहां शाम 4:00 बजे से लेकर 4:30 बजे तक जिला स्वास्थ्य समिति के सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा और जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार लोगों को लाइव संबोधित करेंगे। साथ ही, लोगों को डेंगू से बचाव के लिए प्रेरित करेंगे। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. सिन्हा ने बताया कि जिले में डेंगू के एक भी मरीज नहीं है। हालांकि, बक्सर जिले के कुछ लोगों का इलाज पटना में चल रहा है। जिसको देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर फेसबुक लाइव का निर्णय लिया गया। ताकि, लोगों को डेंगू के संबंध में जानकारी दी जा सके। इस दौरान जिले वासी कमेंट सेक्शन में अपना सवाल भी पूछ सकते हैं, जिनका जवाब दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी के प्रयास से हम जिले को डेंगू के प्रकोप से बचा सकते हैं। उन्होंने जिले वासियों से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसकी सूचना पहुंचाने की अपील की है। ताकि, कोई भी स्वयं डेंगू से बचाव में सक्षम हो सके।




### फाइलेरिया की रोकथाम के लिए दवा खाने की अपील कर रहे नाटक के कलाकार

# नुक्कड़ नाटक ने एमडीए में दवा सेवन की जरूरत पर जगाई अलख

**केटी न्यूज/पटना**

ग्रामीण हाट का नजारा है। लोगों का मजमा है। हाट में सब्जी वाला, बैलून वाला, आइसक्रीम वाला है। सभी अपने सामान बेचने में मगन हैं। इस बीच एक किन्नर भी खड़ा है। इस बीच गांव के मुखिया जी आते हैं। मुखिया जी सबसे हालचाल पूछते हैं। इस बीच बैलून वाला मुखिया जी से किसी दवाई खिलाये जाने की बात कहता है। सभी लोग दवाई खिलाये जाने को लेकर चौंक जाते हैं। बैलून वाला मुखिया जी को अपने जीवन में बड़ी गलती करने की बात कह रो पड़ता है। वह बताता है कि अपना पेट काट कर बड़े जतन से बेटे को पढ़ाने-लिखाने के बाद नौकरी तो हुई, लेकिन मेडिकल टेस्ट में डॉक्टरों ने उसे पैरों



में फाइलेरिया बताया और इस वजह से उसे इस अवसर से हाथ धोना पड़ा। उसने अपने बच्चे को दवा सेवन नहीं करा कर अपने जीवन की बड़ी गलती की है। इसके बाद मुखिया जी सबसे फाइलेरिया को रोकने के लिए एमडीए अभियान की चर्चा करते हैं और सबसे पूछते हैं कि क्या सभी लोग दवा खा रहे हैं अथवा नहीं। मुखिया जी सभी लोगों से फाइलेरिया के कारण हाथीपांव और हाईड्रोसील रोग से बचाव की दवा खाने की अपील करते हैं। इसी बीच स्वास्थ्यकर्मी भी वहां पहुंचते हैं और सभी को फाइलेरिया होने की वजह और इसकी रोकथाम के लिए दवा खाने के फायदे बताते है।

यह नजारा फुलावारीशरीफ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हो रहे एक नुक्कड़ नाटक का है और यहां मौजूद सब्जी, आइसक्रीम, बैलून बेचने वाले और मुखिया जी इस नाटक के कलाकार हैं। इस नुक्कड़ नाटक की मदद से कलाकार जिला में 20 सितंबर से होने वाले एमडीए अभियान के दौरान दवा सेवन करने पर आमजन को जागरूक कर रहे हैं। दवा सेवन को लेकर नुक्कड़ नाटक के साथ फाइलेरिया रोगियों द्वारा बनाये गये पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क का भी सहयोग मिल रहा है। नेटवर्क सदस्यों द्वारा एमडीए में दवा सेवन सुनिश्जाचित कराने के लिए दीवार लेखन के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पेशेंट नेटवर्क मेंबर द्वारा एमडीए अभियान को मुहिम बनाते हुए धार्मिक स्थलों पर सामुदायिक जागरूकता ला रहे हैं।

**नाटक संवाद करने का महत्वपूर्ण साधनः** मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, पटना डॉ रविशंकर ने बताया कि नुक्कड़ नाटक की मदद से सामुदायिक स्तर पर बहुत अधिक जागरूकता आती है। दवा सेवन के प्रति समुदाय से संवाद करने और उन्हें दवा सेवन के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ सुभाष ने बताया राज्य की राजधानी सहित कुल 11 जिलों में फाइलेरिया से बचाव के लिए 20 सितंबर से सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।



# किसानों के लिए अच्छी खबर, अब बीमा कवर में शामिल किए गए हरे मटर व टमाटर

केटी न्यूज/बलिया

पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना में अब हरी मटर और टमाटर की फसल को भी बीमा कवर में शामिल किया गया है। जनपद में हरी मटर की फसल चार हजार हेक्टेयर की जाती है। जबकि टमाटर की खेती करीब 110 हेक्टेयर में होती है। अब हरी मटर और टमाटर की खेती करने वाले किसान भी फसल का बीमा करा सकेंगे और यदि मौसम के चलते नुकसान होता है तो मुआवजा पा सकेंगे। बीमा योजना ऋणी एवं गैर ऋणी दोनों तरह के किसानों के लिए स्वैच्छिक है। यदि ऋणी किसान इस बीमा योजना में सम्मिलित नहीं होना चाहते हैं तो अपने बैंक शाखा स्तर पर बीमा कराने की अंतिम तिथि के सात दिन पूर्व सूचना देनी होगी। गैर ऋणी किसान बैंक शाखा, कॉमन सर्विस सेंटर या फिर फसल बीमा पोर्टल पर ऑनलाइन बीमा करा सकेंगे। नामित बीमा कंपनी के कार्यालय पर पहुंचकर भी अधिक जानकारी लेते हुए बीमा कर सकते हैं। एक अक्तूबर से 30 नवंबर तक हरी मटर और टमाटर का बीमा करा सकते हैं। जिसका जोखिम कवरेज अवधि एक दिसंबर से 29 फरवरी तक होगी। जनपद में क्रियान्वयन के लिए एक बीमा एजेंसी को नामित किया गया है। वहीं रवि की अन्य फसलें गेहूं, सरसों, आलू के लिए बीमा एक अक्तूबर से 31 दिसंबर तक करा सकते हैं।



### 30 नवंबर तक करा सकते हैं बीमा

**15,000** किसान जिले में करते हैं हरी मटर की फसल

**4000** हेक्टेयर में होती है मटर की फसल

**110** हेक्टेयर में होती है टमाटर की खेती



### बीमा कराने को जनपदीय कार्यालय शुरू

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कराने को किसानों को भटकना नहीं होगा। नामित बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का कार्यालय विकास और कृषि भवन में शुरू किया गया है। इस कार्यालय से किसानों को बीमा संबंधी सभी जानकारियां मिल सकेंगी और शंकाओं का समाधान हो सकेगा।

### 5000 किसान जिले में करते है टमाटर की खेती

जिला कृषि अधिकारी पवन प्रजापति ने बताया कि अब अन्य फसलों की तरह हरी मटर की फसल पर बीमा कवर के दायरे में होगी। बीमा करने के बाद यदि फसल को नुकसान होता है तो किसानों को बीमा कंपनी से उसको भरपाई की जाएगी। बीमा योजना ऋणी एवं गैर ऋणी दोनों तरह के किसानों के लिए स्वैच्छिक है।

## वरिष्ठ पत्रकार एवं लोकतंत्र सेनानी का इलाज के दौरान निधन



**सिकन्दरपुर।** वरिष्ठ पत्रकार व लोकतंत्र सेनानी भीखपुरा निवासी चुन्नीलाल गुप्ता का मंगलवार को वाराणसी में इलाज के दौरान निधन हो गया निधन का समाचार मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई,इस दौरान लोकतंत्र सेनानी व क्षेत्र के पत्रकारों सहित सैकड़ो लोगों ने उनके घर पहुंच शोक संवेदना व्यक्त किया। चुन्नीलाल गुप्ता काफी मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्ति थे वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। उनके तीन पुत्र है। अंतिम संस्कार बुधवार को सरयू नदी के कठौड़ा घाट पर किया जाएगा।

## अपहरण के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**बलिया।** फेफना थाने की पुलिस ने मंगलवार की दोपहर लगभग दो बजे फेफना रेलवे स्टेशन के पास से अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम हर्ष राम पुत्र रमाकान्त राम निवासी बहादुरपुर है। पुलिस ने आरोपी को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी हर्ष राम फेफना रेलवे स्टेशन के पास खड़ा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। तभी मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी हर्ष राम को दबोच लिया।

## खबरें फटाफट

### एसआई पर दबाव देकर दूसरी तहरीर लिखवाने का आरोप

**गड़वार।** गड़वार थाना क्षेत्र के धर्मानपुर निवासी दीनानाथ वर्मा सपरिवार मंगलवार को सिविल लाइन स्थित एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित दीनानाथ वर्मा का कहना है कि मेरे ही पड़ोसी ने बीते 29 अगस्त को मेरे घर में घुसकर मेरे साथ मेरी पत्नी राज किशोरी देवी, मेरी पुत्री चंदा वर्मा व अंजू देवी के साथ जमकर मारपीट की गई। आरोप लगाया कि गड़वार थाने के एसआई द्वारा हम लोगों द्वारा जो तहरीर दी गई थी, उसकी जगह दबाव देकर हम लोगों से दूसरी तहरीर लिखवाकर आरोपियों के खिलाफ हल्की धाराओं में मुकदमा कायम किया गया है।

### शांतिभंग के मामले में 9 पर चालान

**बलिया।** गड़वार थाना पुलिस ने मारपीट व शांतिभंग के मामले में नौ आरोपियों को मंगलवार की दोपहर एक बजे त्रिकालपुर तिराहा व गड़वार बाजार से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। गड़वार थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि झगड़ा फसाद करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। नौ आरोपियों में त्रिकालपुर तिराहा से पांच व गड़वार बाजार से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### हत्यारोपी की गिरफ्तारी के बाद आंदोलन हुआ समाप्त

**बलिया।** अधिवक्ता गोरख नाथ के चर्चित हत्याकांड में हत्यारोपी की गिरफ्तारी की आधिकारिक जानकारी एसडीएम एआर फारूकी ने मंगलवार की दोपहर 12 बजे अधिवक्ताओं के धरनास्थल पर पहुंचकर दी। जिसके बाद एसडीएम ने जारी आंदोलन को समाप्त कर अधिवक्ताओं से जनहित में काम पर लौटने की अपील की। हालांकि पुलिस प्रशासन के मौके पर नहीं पहुंचने को लेकर अधिवक्ताओं में नाराजगी रहा। इस मौके पर 30वें दिन जारी धरना की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव ने प्रशासन का आभार जताया।

### चोरों ने दी दस्तक, किया हाथ साफ

**मऊ।** रतनपुरा प्रखंड के दक्षिणांचल स्थित तमसा तटवर्ती ग्राम पंचायत पिंडोहरी में सोमवार की रात्रि हौसला बुलंद चोरों ने चार घरों में दस्तक देकर लगभग 50 लाख रुपए के समान पर हाथ साफ कर आराम से फरार हो गए। चोरी के इस घटना की जानकारी परिजनों को मंगलवार की प्रातः हुई ।जब उनकी नींद खुली ।सबसे पहले चोर पिंडोहरी ग्राम पंचायत निवासी सुनील सिंह के घर पीछे से चहार दिवारी के सहारे अंदर घुसे ,और घर की अलमारी का लॉक तोड़कर दो सोने का हार, एक मारवाड़ी हार, चार कंगन, दो सिकडी, एवं आवश्यक कागजात पर हाथ साफ किया ।

### चिरैयाकोट में अतिक्रमण हटाने की नोटिस दिये जाने से लोगों में हड़कंप

# अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध पुलिस ने चलाया सघन अभियान, दी चेतावनी

केटी न्यूज/ मऊ





चिरैयाकोट नगर में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद डा० अजय विक्रम सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक थाना चिरैयाकोट संजय कुमार सरोज द्वारा बाजार व नगर के विभिन्न वार्डों की गलियों में पुलिस फोर्स के साथ मार्च करते हुए सड़क के किनारे ठेले वालों तथा नगर की गलियों में सीढ़ी,चबूतरा आदि बनाकर अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित कर लगातार अतिक्रमण हटाने की नोटिस दिये जाने से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में पूछने पर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सरोज ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा सड़क के किनारे और गलियों में रास्ते पर अवैध रूप से सीढ़ी, चबूतरा आदि बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसके कारण आपात स्थिति में एंबुलेंस, दमकल वाहन, पुलिस आदि के वाहन मौके पर नहीं पहुंच सकते। ऐसी स्थिति में नगरवासियों तक उपरोक्त सुविधाएं आसानी से पहुंचने हेतु रास्तों को सुगम बनाने के लिए अतिक्रमण हटाने के लिए अतिक्रमण करने वालों को नोटिस दी जा रही है कि वह स्वयं अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। वहीं पुलिस द्वारा ऐसी नोटिस मिलने से लोगो में हड़कंप मचा हुआ है। नगर के महमूद जफर जमीन बुढ़ान,छेदी गुप्ता युसुफाबाद, इरशाद अंसारी युसुफाबाद,कैफी अंसारी जमीन बुढ़ान,रहमत अली जमीन बुढ़ान ,अफजल जमीन अताउल्लाह, संदीप विश्वकर्मा,शाहिद, सुन्दर सोनकर , राजेश चौरसिया व साजिद आदि दर्जनों लोगों को अतिक्रमण हटाने की नोटिस दी गई है। जिनमें से अधिकांश लोग स्वतः अपनी सीढ़ी और चबूतरे तोड़ कर हटा लिये हैं। क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना ने कहा कि आगे भी इस तरह की कार्यवाही चलती रहेगी।

## करंट की चपेट में आने से विवाहिता की मौत

**बलिया।** चितबडागांव नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार मालवीय नगर निवासी एक महिला की मंगलवार की सुबह करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। मालवीर नगर निवासी दुर्गा पाल 31 पत्नी रंजीत पाल मंगलवार की सुबह घर के आगे स्थित बिजली पोल के पास कुछ काम कर रही थी, तभी किसी समय पोल के संपर्क में आ गई। जिससे दुर्गा पाल मौके पर ही अचेत हो गई। परिजनों ने उन्हें आनन—फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।




## पीएम या डिप्टी पीएम बनाने के डर से इंडिया ओवैसी से कर रहे परहेजः शमीम

केटी न्यूज/बलिया



बहेरी स्थित कैंप कार्यालय पर सोमवार की दोपहर एक बजे एआईएमआईएम के वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक अहम बैठक संपन्न हुई। इस दौरान पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि एआईएमआईएम पार्टी के गठबंधन के बगैर इंडिया गठबंधन के जीत का दावा हवा-हवाई है। बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब के बढ़ती लोकप्रियता और कद से विपक्ष के सारे नेता हैरान और परेशान हैं। जीत के बाद कहीं बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब को प्रधानमंत्री और उप प्रधानमंत्री का पद ना देना पड़ जाए। इसलिए गठबंधन से बाहर रखना चाहते हैं, लेकिन जनता बैरिस्टर साहब को पसंद करती है। वो जिस भी गठबंधन के साथ रहेंगे जनता का पूरा पूरा समर्थन उनको मिलेगा। हमारे बड़े नेताओं का आदेश आ चुका है, लोकसभा की तैयारी में उत्तर प्रदेश की पूरी टीम जी जान से लग गई है। बहुत जल्द देश और प्रदेश के बड़े नेताओं का दौरा शुरू होगा।

इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान,जिला अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम, जिला संगठन मंत्री मुदसीर अंसारी, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद, जिला सूचना प्रभारी अनीस अहमद, कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, जिला सचिव दीपक यादव, राम कुमार राजभर, छोटन राजभर, त्रिभुवन राम आदि लोग मौजूद रहे।

## 25 अक्टूबर को मऊ जिला मुख्यालय से निकाली जाएगी भव्य अमृत कलश यात्रा

- डीएम ने कार्य योजना बनाकर कलश यात्रा निकालने के दिए निर्देश
- मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

केटी न्यूज/ मऊ



जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा के आयोजन के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक ने बताया कि अमृत कलश यात्रा का आयोजन तीन चरणों में होना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का भव्य समापन 30 अक्टूबर को को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर किया जाना प्रस्तावित है।

इसके पूर्व जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अमृत कलश यात्रा यात्रा निकाली जाएगी। 11 सितंबर से 30 सितंबर के बीच नियत तिथि को ग्राम स्तर पर। 01 से 13 अक्टूबर के बीच ब्लॉक स्तर पर और 25 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर भव्य कार्यक्रम के साथ अमृत कलश यात्रा निकाली जाएगी। 26 अक्टूबर को चयनित स्वयं सेवकों का दल अमृत कलश को लेकर लखनऊ रवाना होगा।लखनऊ में 27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके उपरांत ये अमृत कलश यात्री 30 अक्टूबर को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम के लिए प्रस्थान करेंगे। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को अमृत कलश यात्रा भव्यता और पूरी सुरक्षा के साथ मनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को इसकी कार्य योजना बनाकर कार्य करने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी को पूरे कार्यक्रम के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाते हुए प्रत्येक कार्य के लिए नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गए।

जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक को निर्देश दिए कि अमृत कलश यात्रा में जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित कराए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, जिला वानिकी अधिकारी, अपर जिलाधिकारी श्री भानु प्रताप सिंह, परियोजना निदेशक सहित समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## खबरें फटाफट

### नाबालिग बालिका का अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मुहम्मदाबाद सर्किल के क्षेत्राधिकारी की देखरेख में मंगलवार को उप निरीक्षक रामअजोर यादव की सूचना पर पखनपुरा चट्टी से सुबह अभियुक्त राकेश पासवान पुत्र स्व0 हीरा पासवान निवासी ग्राम मेडवरा थाना नरहीं को गिरफ्तार कर लिया एवं नाबालिग पीड़िता की बरामदगी की गई। उधर गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

### बाइक के धक्के से अधेड़ की मौत

**चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के महगांव मड़ई के पास सोमवार की रात में सायकिल सवार अधेड़ 60 वर्षीय शिवशरन पासवान की बाइक की धक्के से मौत हो गयी । परिजन उसे सकलडीहा स्वास्थ्य केंद्र पर ले गये किन्तु डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मथेला के रहने वाले शिवशरन पासवान बीसापुर स्थित एक निजी विद्यालय में स्कूल वाहन के ड्राइवर थे । सोमवार की रात में विद्यालय से घर जा रहे थे । महगांव मड़ई गांव के पास मुख्य मार्ग पर सामने से नशे में धुत एक बाइक पर तीन सवार ने उन्हें टक्कर मार दी । जिससे गम्भीर रूप से घायल होकर वही सड़क पर गिर गये । आसपास के लोगो ने उन्हें सकलडीहा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ।

### अर्धनग्न होकर किन्नरों ने किया नंदगंज थाने पर प्रदर्शन

**गाजीपुर।** अपने आधिपत्य को लेकर दो किन्नरों में हुई मारपीट के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नंदगंज थाने के गेट पर किन्नरों ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इसके बाद प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। रविवार की सुबह चोचकपुर रोड स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के पास दो किन्नर क्षेत्र में अपने अधिपत्य को लेकर आपस में भिड़ गए थे। जिसके बाद रामपुर बन्तरा निवासी किन्नर बिट्टू ने थाने में लिखित तहरीर दिया कि उसी गांव के रहने वाले गंगा किन्नर व दो अन्य लोगों ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की है। इस बाबत थानाध्यक्ष पीके सिंह ने बताया कि सोमवार को बिट्टू किन्नर की तहरीर पर गंगा किन्नर सहित दो अन्य उत्कर्ष तथा अजय पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### आईटीआई चतुर्थ चरण में प्रवेश प्रक्रिया की अन्तिम तिथि 23 को

**गाजीपुर।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजीपुर ने सबको सूचित किया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजीपुर, सैदपुर एवं समस्त निजी प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में चतुर्थ चरण में प्रवेश प्रक्रिया की अन्तिम तिथि 23 सितंबर निर्धारित की गई है। जिसमें अभ्यर्थीयों को वेबसाइट http:www.scvtup.in चौथे चरण के लिएह्यह्य क्लिक करने पर दो विकल्प पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थी एवं नवीन पंजीकृत अभ्यर्थी की रैंक प्राप्त होंगे। अभ्यर्थी को उसमें पंजीकृत संख्या एवं जन्मतिथि की प्रविष्टि करने पर उसकी रैंक प्रदर्शित होगी। प्रिन्ट आउट प्राप्त कर अभ्यर्थी जनपद में दिए गए संस्थानों में 21 सितंबर तक जमा करना सुनिश्चित करें।

# तीन दिवसीय बाबा कीनाराम जन्मोत्सव आज से, महिलाएं गाएंगी सोहर

**केटी न्यूज/चंदौली**



चहनियां क्षेत्र के रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम मठ में तीन दिवसीय बाबा कीनाराम का 424वां जन्मोत्सव समारोह आज से शुरू हो जायेगा। सुबह कांवरियों द्वारा किनेश्वर महादेव का जलाभिषेक होगा। स्थानीय गांव की महिलाओं द्वारा सोहर गीत के बाद रामायण व पूजन अर्चन होगा। तीन दिवसीय मेले के लिए फील्ड में तरह तरह की दुकानें व झूले सज गयी हैं। भारी मात्रा में फोर्स तैनात है। रामगढ़ स्थित अघोराचार्य बाबा कीनाराम का 424वां तीन दिवसीय जन्मोत्सव समारोह आज से शुरू हो जायेगा। सुबह कांवरियों का जत्था बलुआ पश्चिम वाहिनीं गंगा तट से जल लाकर किनेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेंगे। पूजन अर्चन के साथ क्षेत्रीय महिलाओं द्वारा सोहर गीत गाया जायेगा। क्षेत्रीय व दूरदराज से आये लोगों द्वारा रामायण, भजन कीर्तन होगा। दोपहर में विद्यालय के बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 4 से 6 तक बाबा कीनाराम के जीवन पर विचार विमर्श सम्भ्रांत नागरिकों द्वारा किया जायेगा। इस बार महोत्सव पर काफी भीड़ होने की संभावना जतायी जा रही है। तीन दिवसीय महोत्सव समारोह में मेला भी लगेगा। मेले के लिए बाबा कीनाराम इंटर कालेज के सामने खेल के मैदान व नवरत्न वाटिका में झूला, चरखी, बच्चों के खेल के मनोरंजन के साधन, मिष्ठान आदि की दुकानें लग गयी है। महोत्सव को लेकर मठ प्रबंधन द्वारा जन्मोत्सव की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है।

रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम मेले को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से भारी मात्रा में फोर्स लगेगी। बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि मेले में सुरक्षा के लिए 5 क्षेत्राधिकारी,14 इंस्पेक्टर, 93 सब इंस्पेक्टर, 410 कांस्टेबल, डेढ़ कम्पनी पीएससी, महिला दरोगा व महिला पुलिस 65, 20 सादे ड्रेस में महिला व पुरुष पुलिस, क्राइम ब्रांच की टीम व 200 वालेंटियर दिन रात मौजूद रहेंगे। इसके अलावा यातायात पुलिस हर मोड़ पर रहेंगे। मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार का वाहन नही प्रवेश करेगा।

## किसी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल ने बैठक में नहीं की आपत्ति

# एफएलसी हो चुकी ईवीएम व वीवी पैट मशीनों का पुनः एफएलसी न कराने पर बनी सहमति

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत 75-गाजीपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन के लिए माह मई 2023 में कराई गई वीएम एवं वीवी पैट मशीनों का आगामी लोक सभा के लिए पुनः न कराए जाने के संबंध में राजनैतिक दलों की सहमति प्राप्त करने के संबंध में अपर जिलाधिकारी वि0रा0/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक रायफल क्लब सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में कार्रवाई प्रारंभ करते हुए अपर जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में अवस्थित 75-गाजीपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन के लिए 16 से 25 मई तक 3036-बीयू, 3036-सीयू एवं 3036-वीवी पैट का एफएलसी कराया गया। जिसमें 2950-बीयू, 2966-सीयू तथा 2934-वीवी पैट मशीनें सही तथा 86-बीयू, 70-सीयू एवं 102-वीवी पैट खराब पाई गई।

अपर जिलाधिकारी वि0रा0 ने 2966-बीयू, 2966-सीयू तथा 2934-वीवी पैट मशीनों को आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के उपयोग के लिए पुनः एफएलसी न कराए जाने के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहमति ली गई। जिस पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को उप जिला निर्वाचन के लिए माह मई - में एफएलसी हो चुकी ईवीएम /वीवी पैट मशीनों का पुनः एफएलसी न कराए जाने के संबंध में कोई आपत्ति न करते हुए सभी राजनैतिक दलों द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गई।

अपर जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को पुनरीक्षण-2024 के कार्यक्रम से अवगत कराया गया तथा कार्यक्रम को सफल बनाए जाने की अपील की।

बैठक में रविकान्त राय कॉग्रेस, निजामुद्दीन खां सपा, राजन प्रजापति भाजपा, मु0 जावेद अहमद आम आदमी पार्टी, नागेंद्र शर्मा आम आदमी पार्टी, सुभाष राम सिपाही बसपा उपस्थित थे।

### एआरटीओ कार्यालय में जिला प्रशासन की छापेमारी से मचा हड़कंप

**गाजीपुर।** एआरटीओ कार्यालय में दलालों का मकड़जाल फैला हुआ है। इसकी शिकायत पर जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने मंगलवार को औचक छापेमारी की। एडीएम (वित्त) अरुण कुमार सिंह और एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी की छापेमारी के चलते विभाग में हड़कंप मचा रहा। इस बीच एक दलाल को पकड़ा गया था, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा। एडीएम अरुण कुमार सिंह से जब इस बारे में बात की तो उन्होंने बताया कि काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी कि एआरटीओ ऑफिस में दलालों की सक्रियता काफी बढ़ गई है। इस सूचना पर उन्होंने आवश्यक छापेमारी की है। कई काउंटर पर उन्होंने घंटों जांच किया है। इस दौरान एक दलाल उनकी पकड़ में भी आया, लेकिन वह एडीएम, एसपी ग्रामीण के साथ ही शहर कोतवाल और भारी पुलिस फोर्स को चकमा देते हुए गायब हो गया। एआरटीओ सौम्या पांडेय से बात की गई, तो उन्होंने भी स्वीकार किया कि दलालों की जानकारी पर छापेमारी की गई है।

# मुआवजे के मुद्दे पर डीएम से मिले पूर्व विधायक

**केटी न्यूज/चंदौली**

सैदपुर-चंदौली मार्ग चौड़ीकरण परियोजना से प्रभावित फगुईयां समेत तमाम ग्रामीणों के समस्याओं व मुआवजे के मुद्दे पर सपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह डब्लू ने मंगलवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे से उनके आवास पर बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित तमाम विसंगतियों व ग्रामीणों की आशंकाओं पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि जिन ग्रामीणों का मकान डीह की जमीन पर बना है और उसे अधिग्रहित किया जा रहा है तो ऐसे ग्रामीणों को उसके मकान का मुआवजा देने के साथ ही डीह की दूसरी जमीन उपलब्ध कराई जाएगी, उसका घर किसी भी हाल में उजड़ने नहीं दिया जाएगा।बैठक के बाद डीएम आवास से बाहर आए सपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह डब्लू ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा फगुईयां समेत तमाम प्रभावित ग्रामीणों व किसानों को लेकर सकारात्मक बातचीत की गई है। उन्होंने मुआवजे को लेकर सारी बातें स्पष्ट की है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि यदि किसी भी ग्रामीणों को अधिग्रहण के संबंध में कोई आपत्ति है तो वह अग्रिम तौर पर उसे प्रशासन को अवगत कराए। उसकी आपत्तियों का निस्तारण समय से करते हुए उसके उचित मुआवजे का प्रबंध जिला प्रशासन की ओर से किया जाएगा। साथ ही डीएम ने इस बात का भरोसा दिया है कि सड़क चौड़ीकरण परियोजना से प्रभावित हो रहे किसी भी ग्रामीण परिवार को बेघर नहीं होने दिया जाएगा।



### बैठक में संगठन के विस्तार पर हुई चर्चा

**चंदौली।** समाजवादी मजदूर सभा जिला चंदौली इकाई की बैठक जिलाध्यक्ष चन्द्रभानु यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन का विस्तार एवं मजबूती के लिए प्रदान करने हेतु संगठन का विस्तार करते हुए सकलडीहा विधानसभा का सपा मजदूर सभा विधानसभा अध्यक्ष जय हिंद राजभर को पूनः दूसरी बार विधानसभा की कमान सौंपी गई। वहीं चंदौली ब्लॉक अध्यक्ष बनारसी बियार को बनाया गया। इन दोनों पदाधिकारी को सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर की मौजूदगी में जिला मजदूर सभा जिलाध्यक्ष चन्द्रभानु यादव ने माला पहनकर मनोनयन पत्र सौंपा।

# बाबा कीनाराम जन्मोत्सव के दौरान भी सड़कों की मरम्मत न होने से रोष

**केटी न्यूज/चंदौली**

जनपद में लगने वाले सबसे विशाल मेलों में शुमार बाबा कीनाराम जन्मोत्सव मेला रामगढ़ के लिए जाने को दर्जनों रास्ते हैं, लेकिन सभी रास्तों की दयनीय स्थिति किसी से छिपी नहीं है। जन्मोत्सव मेला शुरू होने के करीब पंद्रह दिन पूर्व जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुयी बैठक में जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को मेला शुरू होने के पूर्व सभी सड़कों के मरम्मत व गढ्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके मेला शुरू होने तक इन सड़कों पर एक गिट्टी न डाला जाना लोगों के समझ के परे हो गया है। गौरतलब है कि तीन दिवसीय बाबा कीनाराम जन्मोत्सव मेला में चंदौली जनपद ही नहीं वरन आसपास के दर्जनों जनपदों व बिहार, बंगाल, हरियाणा, मध्यप्रदेश सहित कई प्रदेशों के लाखों लोग बाबा के दरबार में मत्था टेकने आते हैं । जिनके आवागमन के लिए हिंगुतरगढ़ से रामगढ़ वाया करी महराजगंज, मोहरगंज से रामगढ़ वाया सराय रसूलपुर, मोहरगंज से रामगढ़ वाया बैराठ, चहनियां लक्ष्मणगढ़ से रामगढ़ वाया रईया, गुरेरा से रामगढ़ वाया फूलपुर, गुरेरा से रामगढ़ वाया डेवड़ा, मजीदहा से रामगढ़ वाया पलिया महमदपुर, मारूफपुर से रामगढ़ वाया नैढ़ी सढान, नादी से रामगढ़ वाया दरियापुर सहित दर्जन भर सड़के है,लेकिन सभी की हालत खस्ताहाल बनी हुयी है। इन सड़कों बने बेतरीब गडढ़े कभी भी किसी के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं । जन्मोत्सव मेला के पूर्व जिलाधिकारी द्वारा जिसके मरम्मत के लिए जारी निर्देश भी हवा हवाई साबित हो गया। जिससे स्थानीय लोगों में लोक निर्माण विभाग के प्रति आक्रोश पनप रहा है।

## बीजेपी कार्यकर्ताओं ने अमृत सरोवर के किनारे अमृत वाटिका लगाया गया

# मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत हर घर से कलश में इकट्ठी की गई मिट्टी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में मंदरा ग्रामसभा के 195, 1?96, 197, 198 बूथ संख्या पर मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत गांव के हर घर जाकर कलश में मिट्टी इकट्ठा किया गया और अमृत सरोवर के किनारे अमृत वाटिका लगाया गया।

उक्त अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्र के हर घर से मिट्टी और शहरी क्षेत्र के हर घर से एक चुटकी अक्षत कलशों में एकत्रित करके। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक गांव और शहरों में प्रत्येक वार्ड में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका बनाई जा रही है।

गांव और वॉर्डों में पंच प्रण की प्रतिज्ञा भी ली जाएगी। यह मिट्टी और अक्षत गांव से मंडल, फिर जिला और क्षेत्र से होती हुई प्रदेश पहुंचेगी। प्रदेश भर से एकत्रित मिट्टी और चावल को लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती से एक दिन पहले दिल्ली कर्तव्य पथ पर पहुँचाया जाएगा, जहां अमृत वाटिका बनाया जाएगा।

जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि बलिदानी, वीर वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए मेरी माटी-मेरा देश अभियान की शुरूआत की गई है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि गांव के एक सामान्य व्यक्ति को देश की माटी के महत्व को बताते हुए देश की माटी से जोड़ना है। इसी के तहत जखनियां ग्राम सभा में मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव के नेतृत्व में बूथ संख्या 203, 204 पर भी कलश यात्रा में हर घर से मिट्टी इकट्ठा की गई।

कार्यक्रम में लोगों ने गाजे बाजे के साथ शिरकत किया। भाजपा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मुद्दे को धार देती नजर आ रही है। मेरी माटी- मेरा देश अभियान को भाजपा संगठन के नेता लगातार जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान कर रहे हैं। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा, मंदरा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि झुंना सिंह, युवा मोर्चा के मनोज राजभर, अशोक गुप्ता, धर्मवीर राजभर, पीयूष सिंह, ओमकार सिंह, कलाम, जब्बार, हाशमी, सत्तार, तौफीक, लक्ष्मीना, राधिका, सरोज, चंपा, जीवित कश्यप, सुखदेव कनौजिया सहित ग्राम सभा के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### पावर हाउस पर ग्रामीणों ने किया धरना- प्रदर्शन

**गाजीपुर।** जले हुए ट्रांसफार्मर को न बदलने से आक्रोशित ग्रामवासियों ने दुल्लहपुर पावर हाउस पर धरना- प्रदर्शन कर अपनी भड़ास निकाली। बता दें कि शहीद वीर अब्दुल हमीद के गांव धामूपुर में एक पखवारे से 63 केवीए का ट्रांसफार्मर जला पड़ा है, लेकिन दुल्लहपुर विद्युत विभाग के जेई बदलवाना जरूरी नहीं समझ रहे हैं। ट्रांसफार्मर जलने से 200 घर अंधेरे में हैं।

ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर जलने की सूचना विभाग व टोल फ्री नंबर 1912 पर दी। इसके बाद अब तक उसे बदला नहीं गया। गांव में विद्युत आपूर्ति के लिए विभाग की तरफ से दूसरा ट्रांसफार्मर न लगाए जाने को लेकर ग्रामीणों का रोष गहराता गया, क्योंकि बिजली के अभाव में एक तरफ जहां लोग रात में नींद नहीं ले पा रहे हैं, वहीं पेयजल के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। जिन लोगों ने इनवर्टर लगा रखा है, उसकी बैट्री चार्ज न होने से वे भी शोपीस बन कर रह गए हैं। आलम यह है कि मोबाइल फोन तक चार्ज करने के लिए लोगों को इधर-उधर की दौड़ लगानी पड़ रही है।

## एक नजर

### भारत को सशक्त बनाने के लिए स्वरोजगार व उद्यमिता के विकल्पों पर करना होगा विचार




**गाजीपुर।** स्वदेशी जागरण मंच और पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में विश्व उद्यमिता दिवस को लेकर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता पीजी कालेज के प्राचार्य प्रोफ० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पांडेय ने किया। स्वावलंबी भारत अभियान के तहत उद्यमिता विकास को लेकर आयोजित गोष्ठी में जिला समन्वयक कैलाश नाथ तिवारी, सह संयोजक अजय आनंद और मुख्य वक्ता के तौर पर नरेंद्रनाथ सिंह सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी स्वदेशी जागरण मंच मौजूद रहे। अपने वक्तव्य में अजय आनंद ने युवाओं को उद्यमिता के अलग- अलग पहलुओं से परिचय कराया। आनंद ने बताया कि किस तरीके से युवा उद्यमी बनकर खुद और अन्य के लिए रोजगार के बेहतर विकल्प पैदा कर सकते हैं। वही कैलाश नाथ तिवारी ने अपने उद्बोधन में बताया कि बच्चों को सामूहिकता के भाव से प्रेरित रहना चाहिए। सामूहिक रूप से एक दूसरे के मदद कर समाज में रोजगार के बेहतर विकल्प या उद्यमिता की ओर बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नरेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि भारत कृषि प्रधान देश रहा है। एक दौर था कि लोग रोजगार / नौकरी के बजाय कृषि आधारित उद्योग करने में गर्व महसूस करते थे।कालांतर में अब लोग कृषि को घाटे का सौदा मान रहे हैं और नौकरी की ओर लोगों का रुझान बढ़ा है। इस मौके पर चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर (डॉ०) एसडी सिंह परिहार, प्रोफेसर अवधेश कुमार सिंह, प्रोफेसर सत्येंद्र नाथ सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० योगेश कुमार, डॉ० राम दुलारे एवं भारी संख्या में छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।

### घर छोड़ने को कह युवक को बाइक पर बैठाया, फिर जेब से 40000 रुपए ले उड़े उच्चके

**गाजीपुर।** कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र में बैंक ऑफ इंडिया की स्थानीय शाखा से पैसा उतार कर घर जा रहे एक युवक से दो बाइक सवार बदमाशों ने 40000 नगदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि कासिमाबाद चौराहे पर बाइक पर जबरदस्ती बैठा लिए और मिजार्पुर गांव के पास ले जाकर मेरे पैकेट से नगदी निकाल लिए और कागज का दूसरा बंडल प्लास्टिक में रखकर पॉकेट में डाल दिए और फरार हो गए। इस घटना के बाद मैं किसी तरह थाने पहुंचा और पुलिस को अवगत कराया। कोतवाली क्षेत्र के इंदौर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार मंगलवार के दिन अपने घर से पैदल बैंक ऑफ इंडिया शाखा कासिमाबाद आया हुआ था। उसे 15 सितंबर को मुंबई जाना था। इसलिए टिकट निकालने के लिए चालीस हजार रुपये नगदी निकलना था। पीड़ित ने बताया कि बैंक में एक युवक मिला जिसे बैंक का विच ड्रॉ फॉर्म भरवाया और 40000 नगदी निकाल कर टेंपू पकड़ने के लिए तहसील तिराहे पर जा रहा था। वह जैसे ही चौराहे पर पहुंचा तभी एक बाइक सवार आया और घर छोड़ने के लिए बोला। पास में खड़ा एक युवक आया जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर मिजार्पुर गांव के पास ले जाकर छोड़ दिया। एक युवक मेरा सिर दबा दिया तो दूसरा युवक ने पाकेट से नगदी निकालकर पैकेट में कागज का बंडल डालकर फरार हो गए।

### ट्रांसफार्मर जलने से 200 घरों में पसरा अंधेरा

**चंदौली।** अपना दल एस जिलाध्यक्ष उदित नारायण पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जिलाधिकारी निखिल टीकराम फुंडे से मुलाकात किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि जनपद में विश्वविद्यालय नहीं है। जिससे उच्च शिक्षा के लिए जिले के छात्रों को दूसरे जिलों में जाना पड़ता है। इससे उन्हें तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, हमारे जनपद में यदि विश्वविद्यालय बन जाता तो जिला में निवास करने वाले तमाम छात्रों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में बहुत ही सहुलियत हो जाती।वहीं हमारे जिले का शैक्षिक एवं वैश्विक विकास तेजी से होने लगता। हमारे जिले के साहपुरी क्षेत्र में बखरों, चौरहट, चाँ।दीतारा, भुजहुआँ, खुटहाँ, पुरैनी, आदि गाँव के किसानों की लगभग 350 एकड़ जमीन को सरकार द्वारा जूट मिल के लिए अधिग्रहण किया गया, लेकिन जूट मिल न बनाकर उस जमीन पर डालमियाँ ग्रुप द्वारा हरि फटीर्लाइजर नाम से उर्वरक की फैक्ट्री लगायी गई, जो फैक्ट्री कुछ दिन चलने के बाद बंद हो गई, लगभग तीन दशक से यह कम्पनी बंद हो गयी है।

### नाई समाज के उत्पीड़न के खिलाफ धरना 14 को

चंदौली। ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड संगठन के कैंप कार्यालय में बैठक हुई। इस दौरान जिलाध्यक्ष घनश्याम शर्मा के अध्यक्षता में निर्णय लिया गया कि सविता सेन सलमानी शर्मा एवं नाई समाज के उत्पीड़न हो रहा है। हिंसात्मक घटनाओं पर अभी तक आवश्यक कार्रवाई न होने पर नाई समाज में आक्रोश व्याप्त है। आए दिन प्रदेश में हिंसक घटनाएं और उत्पीड़न की शिकायतें मिल रही है। इसके खिलाफ पूरे प्रदेश में 14 सितंबर को जिला मुख्यालय पर धरना एवं प्रदर्शन रखा गया है और जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने का निर्णय गया है। बैठक में चंद्रशेखर शर्मा, राम भोग शर्मा, राकेश शर्मा, सलीम सलमानी, बृजेश शर्मा, एडवोकेट संजय कुमार शर्मा, विजय कुमार, बबलू शर्मा, आदि लोग उपस्थित थे

### बाबू शिव शंकर सिंह का जीवन लोगों के लिए प्रेरणादायी : सुरेश बहादुर सिंह



**मऊ।** अनेक शिक्षण संस्थानों के संस्थापक, युग गौरव, जिला परिषद तथा जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय शिव शंकर सिंह का निर्वाण दिवस मयार्दा पुरुषोत्तम पीजी कॉलेज एवं गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिछोर में समारोह पूर्वक मनाया गया। स्वर्गीय शिव शंकर सिंह जी जन चेतना के संवाहक थे। उनका परोपकारी जीवन समाज के लिए प्रेरणादायी रहेगा। जिन्होंने अपने कर्म और साधना के बल पर चहूओर शिक्षा और ज्ञान की गंगा प्रवाहित किया। उक्त विचार समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष एवं अनेक शिक्षण संस्थानों के संरक्षक सुरेश बहादुर सिंह व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि उसर के इस जरखेर भूमि में शिक्षा और सहकारिता को आधार बनाकर निर्माण और विकास की गंगा बहाई। मुरली मनोहर टाउन महाविद्यालय बलिया के प्राचार्य डॉक्टर रविंद्र नाथ मिश्र ने शिव शंकर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे सदैव भारतीय शिक्षा को संस्कृति से जोड़ते रहे। वकील साहब की सोच कमजोर वर्ग के लोगों को सहकारिता और शिक्षा में प्रतिनिधित्व मिले इसके इसके प्रबल हिमायती थे, प्राचार्य डॉ निर्मला सिंह ने अभ्यागत अतिथियों का स्वागत किया, और शिव शंकर सिंह जी को कर्मयोगी पुरुष बताया। कार्यक्रम को कॉलेज के प्रबंधक डॉ राघवेंद्र बहादुर सिंह, डॉक्टर सुरेश सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य राम कैलाश सिंह ,अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य माधवेंद्र बहादुर सिंह सहित दर्जनों वक्ताओं ने संबोधित किया।समारोह की अध्यक्षता उदय राज सिंह एवं संचालन डॉ प्रदीप राय ने किया।